उज्जैन
मंगलवार
24
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-113
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



215 करोड़ नेटफ्लिक्स ऑफर को वायआरएफ ने ठुकराया आलिया और शरवरी की अल्फा सिनेमाघरों में ही होगी रिलीज

पेज- 8

## अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर सकेंगे बैंक, बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत वापस ली



**मुंबई।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक अब फ्रॉड घोषित कर सकेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें मिली राहत का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दिसंबर 2025 में 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में बैंकों को फ्रॉड घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। एसबीआई ने एक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर अंबानी के खातों को फ्रॉड की श्रेणी में डाल दिया गया था। अंबानी ने इस कार्रवाई को चुनौती दी। कहा कि बैंकों ने सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का पालन नहीं किया। दिसंबर 2025 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल अंबानी के खातों को फ्रॉड घोषित करने पर रोक लगा दी।

## मुझे नहीं पता, कब तक जिंदा रहूंगा, बहुत लोगों के निशाने पर : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा, मैं कब तक जिंदा रहूंगा, यह मुझे नहीं पता। मैं बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हूं। ट्रम्प ने वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजॉर्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजॉर्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।

## शंकराचार्य के बयान से पहले पुलिस ने रूट मैप बनाया



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की एफआईआर के बाद प्रयागराज पुलिस ने केस में जांच तेज कर दी है। इसके लिए प्रयागराज से एक टीम ने काशी में डेरा डाल दिया है। टीम आज शंकराचार्य के मठ जाकर उनका बयान दर्ज कर सकती है। पूछताछ के बाद शंकराचार्य को गिरफ्तार भी कर सकती है। टीम ने सोमवार की रात भेलूपुर थाने पर पहुंचकर शंकराचार्य के बारे में जानकारी ली। उनके मठ का नक्शा भी तैयार किया। रूट मैप तैयार किया। आज पुलिस जहां-जहां जाएगी, वहां का नक्शा पहले से तैयार किया।

## कानपुर में 5 साल में 1297 बच्चे लापता, यूपी में एक दिन में 22 बच्चे हो रहे चोरी

**कानपुर।** यूपी में एक दिन में करीब 22 बच्चे चोरी हो रहे हैं। पिछले 5 सालों में 41623 बच्चे चोरी हुए हैं। जिसमें 39646 बरामद किए गए। वहीं 1977 बच्चे अभी तक गायब हैं। जिनका पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में 1297 बच्चे चोरी हुए। जिसमें अभी भी 36 बच्चों का सुराग नहीं लग सका है। चोरी करने वाले गैंग में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। 21 फरवरी को पनकी थाना क्षेत्र कई कच्ची बस्ती से एक महिला चोर ने 2 साल की बच्ची को बोरे में भर लिया। बोरे के अंदर से बच्ची की रोने की आवाज आई तो आसपास के लोगों को शक हुआ। लोगों ने महिला को 100 मीटर दौड़ा कर पकड़ लिया। फिर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद मासूम को पनकी पुलिस ने उसके माता-पिता को सौंप दिया।

### रांची से दिल्ली जा रहा विमान का टेकऑफ के 20 मिनट बाद संपर्क टूटा

## झारखंड में एयर एंबुलेंस क्रैश, 7 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची**

झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। प्लेन में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। रेडबर्ड कंपनी का बीचक्राफ्ट किंग एयर बी90एल एक एयर एंबुलेंस था।

फ्लाइट ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7:34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया। प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह ( को-पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पैरामेडिकल स्टाफ) सवार थे।



**मरीज को इलाज के लिए दिल्ली लेकर जा रहा था विमान-** रांची के देवकमल हॉस्पिटल के उएड, अनंत सिन्हा ने पीटीआई को बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम एक मरीज ने किया था। उन्होंने कहा, लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले मरीज संजय कुमार (41) को 16 फरवरी को 65 परसेंट जलने की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। सिन्हा ने आगे कहा कि परिवार वालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने का फैसला किया। मरीज को लगभग 4.30 बजे हॉस्पिटल से दिल्ली के लिए ले जाया गया। शाम को विमान हादसे में मरीज के साथ जा रहे सभी लोगों की मौत हो गई।

### राहुल गांधी बोले

## मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया

### आपने देश को बेचा, शर्म आपको आनी चाहिए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा- मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया, शर्म आपको आनी चाहिए। आपने अमेरिका से ट्रेड डील करके देश को ट्रम्प के हाथों बेच दिया। पूरा देश जानता है, अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस ने आपकी रातों की नींद उड़ा रखी है, क्योंकि वो बीजेपी और आपके फाइनेंशियल आर्किटेक्चर पर केस है। दरअसल, पीएम मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के मेरठ में कहा था कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कांग्रेसियों को नंगा होने की जरूरत नहीं थी। कांग्रेसी पहले से ही नंगे हैं। 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर अकसमिट के दौरान शर्टलैस होकर पीएम मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।



### डबल डेकर बस पलटी, खिड़की से गिरीं लाशें

## 5 यात्रियों की मौत, 45 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, 45 लोग घायल हो गए। 28 घायलों को एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इनमें 7 बच्चे, 12 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। सोमवार को हादसे के बाद के फोटो-वीडियो सामने आए।

वीडियो में दिख रहा है कि क्रेन से बस को सीधा करते ही खिड़कियों से शव सड़क पर गिर गए। सड़क पर चारों ओर खून फैल गया। बस सीधी होने के बाद भी कुछ घायल और मृत यात्री खिड़कियों से लटके रहे। तस्वीरों में कई यात्रियों के हाथ-पैर शरीर से अलग दिखाई दे रहे हैं। एक छोटा-सा जूता खून से सना पड़ा मिला।

बस लुधियाना (पंजाब) से मोतिहारी (बिहार) जा रही थी। हादसे के वक्त बस की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा बताई जा रही है। बस पलटते ही अफरा-तफरी मच गई। ड्राइवर और क्लीनर बस छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन की मदद से बस को सीधा कर टोल प्लाजा तक ले जाया गया। पुलिस ने सफाईकर्मियों से सड़क पर लगे खून को साफ कराया।



## मेरठ में परिवार के 6 लोग घर में जिंदा जले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेरठ**

मेरठ में कपड़ा कारोबारी के परिवार के 6 लोग जिंदा जल गए। इनमें जुड़वां बेटियों समेत 5 बच्चे हैं। कारोबारी सोमवार की देर शाम नमाज पढ़ने गया था, तभी दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। उस वक्त घर में 2 महिलाएं और 5 बच्चे थे। सभी लपटों में फंस गए। लोगों ने धुआं उठते देखा तो पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी। मकान तक जाने वाली गली संकरी है। इसलिए फायर ब्रिगेड टीम पड़ोसी की छत से मकान तक पहुंची। 30 मिनट तक पूरा परिवार लपटों के बीच फंसा रहा। टीम ने सामने वाले मकान से सीढ़ी लगाकर लोगों को बाहर निकाला। कारोबारी की मां और पड़ोसी गंभीर रूप से झुलसे हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। इस घटना से इलाके में मातम छा गया है।

## 12वीं फेल की अभिनेत्री ने किए महाकाल दर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अभिनेत्री मेधा शंकर मंगलवार सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुई। उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे ने अभिनेत्री का स्वागत और सत्कार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**दूसरी बार दर्शन करने पहुंचीं अभिनेत्री-** मेधा शंकर ने बताया कि यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान महाकाल के बहुत अच्छे दर्शन हुए। मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचने के बाद उन्होंने निर्धारित विधि से पूजन किया। उनके आगमन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही।



**ब्रिटिश मिनीसीरीज से शुरू किया अभिनय करियर-** मेधा शंकर ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत ब्रिटिश मिनीसीरीज बिचम हाउस (2019) से की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म शादीस्थान और वेब सीरीज दिल बेकरार में सहायक भूमिकाएं निभाईं।

**फिल्म 12वीं फेल से मिली व्यापक पहचान-** उन्हें हिंदी फिल्म 12वीं फेल (2023) से व्यापक पहचान मिली। इसके बाद से वह लगातार फिल्म और मनोरंजन जगत में सक्रिय हैं।

## बिजली बिल में लग सकता है बड़ा झटका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही बिजली बिल में बड़ा झटका लग सकता है। प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को दिया है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो गया, तो 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू होंगी। इससे आम लोगों के घरेलू बजट पर असर पड़ेगा।

अनुमान है कि इस बढ़ोतरी से हर घरेलू उपभोक्ता पर साल भर में 3600 रुपए से ज्यादा का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। यानी महीने में लगभग 300 रुपए तक बिजली बिल बढ़ सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोयले पर जीएसटी सेस हट जाने से बिजली बनाने का खर्च पहले से कम हो चुका है। इसके बावजूद कंपनियों ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। अब यह फैसला एमपीईआरसी के पास है कि प्रस्ताव को मंजूरी दे या नहीं। जनसुनवाई भी चल रही है, जहां लोग अपनी राय दे सकते हैं। बिजली कंपनियों का कहना है कि उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब है और वे बहुत बड़े घाटे में चल रही हैं।



- **संचित घाटा:** प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां (पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र) कुल मिलाकर 42,375 करोड़ रुपए के भारी घाटे में हैं। यानी पुराने सालों का जमा हुआ नुकसान बहुत ज्यादा है।
- **पुराने प्रस्ताव अस्वीकार:** कंपनियों का दावा है कि 2014-15 से 2022-23 तक उनके द्वारा मांगे गए 3,451 करोड़ रुपए के बढ़ोतरी प्रस्तावों को राज्य विद्युत नियामक आयोग ने मंजूर नहीं किया। इससे उनकी वित्तीय स्थिति और बिगड़ गई है।
- **स्मार्ट मीटर का खर्च :** स्मार्ट मीटर लगाने पर 820 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। अब कंपनियां इस खर्च को भी उपभोक्ताओं से वसूलना चाहती हैं।
- **बिजली खरीद का अतिरिक्त खर्च:** बिजली खरीदने पर लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च बताया गया है। ये सभी कारण देकर कंपनियां कह रही हैं कि घाटा भरने के लिए दरें बढ़ानी जरूरी हैं। इस बार के प्रस्ताव में कुल 6,044 करोड़ रुपए के घाटे को भरने की मांग की गई है।



## खबर एक नजर...

### बाइक सवारों को कार ने कुचला था, प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** 26 जनवरी को भाटपचलाना थाना क्षेत्र के सुंदराबाद रूनिजा रोड़ पर बाइक पर सवार नजीम उर्फ नजिल पिता और आसिफ 15 साल निवासी हासमपुरा चिंतामण जवासिया और जावेद के साथ सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें नजीम उर्फ नजिल की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और दुर्घटना के समय मौजूद रहे प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। इस दौरान सामने आया कि दुर्घटना कार से हुई थी। पुलिस ने 27 दिन तक की जांच पूरी होने के बाद कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया है। भाटपचलाना थाना पुलिस ने 17 फरवरी को साकार एग्रो के सामने बड़नगर रोड माधौपुरा में हुई दुर्घटना में गोवर्धन पिता नंदू निवासी सातेर देपालपुर की मौत होने के मामले में भी चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### सुबह रास्ते और मॉर्निंग वॉक ट्रैक बंद, क्योंकि चल रही पुलिस भर्ती

**उज्जैन।** महानंदानगर खेल एरिना में 14 मार्च तक आरक्षक भर्ती के चलते सुबह रास्ते और मॉर्निंग वॉक ट्रैक बंद कर दिए गए। न लोगों को आने-जाने दिया जा रहा है और न ही स्कूल व कॉलेज के बच्चों को। यह भर्ती 14 मार्च तक चलेगी। लोगों का कहना है कि बैरिकेडिंग से आमजन की परेशानी बढ़ गई। ग्राउंड में भर्ती चल रही है तो बाहर बैरिकेडिंग क्यों लगाई। भर्ती प्रक्रिया पुलिस लाइन में कराई जाना चाहिए। मामले में 32वीं बटालियन के कमांडेंट धीरज मीना ने कहा अभ्यर्थी की सुरक्षा सुविधा के लिए सिर्फ ग्राउंड की तरफ एक मार्ग ही बंद किए हैं।

### श्रद्धांजलि सभा में उठी छाजेड़ की प्रतिमा लगाने की मांग

**उज्जैन।** जैन समाज के वरिष्ठ नरेंद्र कुमार छाजेड़ की स्मृति में जैन सोशल ग्रुप मेन ने श्रद्धांजलि व सद्भावना सभा की। अध्यक्षता प्रदीप गादिया ने की। बड़ी संख्या में समाजजन ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। वक्ता प्रदीप गादिया, संजय मित्तल, राजेंद्र सिरोलिया, विपिन भाई शाह, विजय नौलखा, प्रदीप छाजेड़, उषा जैन, नीलेश शाह, अभय सेठिया, वीरबाला छाजेड़ ने स्व. छाजेड़ की समाजसेवा और समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शहर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए एवं किसी मार्ग का नामकरण उनके नाम से किया जाए। संचालन अरविंद जैन ने किया।

### उज्जैन के हर्षित अंडर-15 कुश्ती स्पर्धा में जीते

**उज्जैन।** जबलपुर में चल रही 21 से 23 फरवरी तक हुई अंडर-15 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में माधव गोशाला अखाड़ा के चार पहलवानों ने भाग लिया। सोमवार को हुए मुकाबले में 62 किलोग्राम वजन वर्ग में ओंकार दास गुरु के शिष्य हर्षित प्रजापत ने ग्वालियर, इंदौर, भोपाल के पहलवानों को पराजित कर श्रीशैलेम तमिलनाडु में होने वाली नेशनल अंडर-15 चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश की टीम में जगह बनाई। अब हर्षित नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### योग संगम में संस्कृत विवि के विद्यार्थियों ने जीते पदक

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित योग संगम-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए हैं। योग संगम-2026 का आयोजन नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी, तिरुपति द्वारा तिरुपति में किया गया। इसमें संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र कान्हा बड़ोले ने एकल योगासन प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। योगासन टीम प्रतियोगिता में जय चौहान, अमित पांचाल, आरती पाटीदार एवं अंजली सोलंकी ने चतुर्थ स्थान अर्जित किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जय चौहान एवं आयुषी तिवारी ने भी चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्रा केशवी पुरोहित को थीम आधारित योगासन प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# विकास के नाम पर खुदी सड़कें बनी मुसीबत

## सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़कें उबड़-खाबड़ स्थिति में, कार्य पूरा होने के बाद ना तो सड़क का ठीक से भराव किया गया ना ही मरम्मत करवाई, रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी









ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को दुरुस्त नहीं करवाया गया है ऐसे में यह रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जबकि निगम आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जहां पर भी सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है वहां का कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़क को दुरुस्त करवाया जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो।

पिछले दिनों नानाखेड़ा क्षेत्र के अभिषेक नगर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए यहां की सड़क को खोदकर बड़े-बड़े गड्ढे किए गए थे। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो ठीक से मलबे का भराव किया गया ना ही सड़क की मरम्मत की गई। इस कारण सड़क उबड़-खाबड़ स्थिति में है और यहां से निकलते समय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क इतनी ज्यादा खराब है कि स्कूली ऑटो व बसें तक नहीं पहुंच रही। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा था इस वजह से कई दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन भी पूरी तरह से बंद रहा। लेकिन अब कार्य पूरा होने के बाद ना तो इस सड़क की मरम्मत करवाई गई है ना ही इसका ठीक से भराव किया गया है इस कारण मार्ग उबड़-खाबड़ स्थिति में तब्दील हो गया है। लोगों को यहां से वाहन लेकर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### इन क्षेत्रों की सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया

**नानाखेड़ा क्षेत्र में अभिषेक नगर -** नानाखेड़ा क्षेत्र के अभिषेक नगर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए यहां के मार्ग की सड़क को खोदा था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद कुछ हिस्से की सड़क को बिना दुरुस्त कराए छोड़ दिया इस कारण यह रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

**फ्रीगंज घटकरपर मार्ग-** फ्रीगंज में कंट्रोल रूम के पास घटकरपर मार्ग की सड़क को सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था इस मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा हुए एक महीना हो गया है लेकिन सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया है। सिर्फ गड्ढों में मिट्टी का भराव करवाकर छोड़ दिया। इस कारण सड़क उबड़-खाबड़ स्थिति में है।

**नई सड़क पर तिलक मार्ग-** नई सड़क पर तिलक मार्ग स्थित गली नंबर 6 में 20 दिन पहले सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो ठीक से भराव किया गया ना ही सड़क की मरम्मत करवाई गई। इसी तरह नई सड़क पर गोराना कुलर के समीप सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क की मरम्मत नहीं की गई।

**डाबरी पीठा क्षेत्र -** डाबरी पीठा क्षेत्र में नैनाल जमात खाने के समीप मार्ग की की सड़क को भी कई जगह से शिवराज लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था लेकिन कार्य पूरा होने के बाद ना तो मिट्टी का भराव ठीक से किया गया ना ही सड़क को ठीक करवाया गया है।

**निदेर्शों का नहीं हो रहा पालन -** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिस जगह सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है वहां का कार्य पूरा होने के बाद तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। लेकिन अभिषेक नगर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क का कुछ हिस्सा अभी भी रिपेयर नहीं किया गया है।

## एसडी लाइट का खुल्लम खुल्ला दुरूपयोग

# वाहन चालक हाई बीम रख चला रहे वाहन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में चल रहे कई चौपहिया वाहनों में बहुत अधिक ज्योति तीव्रता वाली एस डी लाइट देखी जा रही हैं जो सामने से आनेवाले वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। कार, एसयूवी आदि में वैधानिक 60 वॉट पावर की सीमा से अधिक पावर की एसडी लाइट (हैडलाइट ) में प्रयोग की जा रही है जो रात्रि के समय विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक की आंखों में चकाचौंध पैदा करती है और परिणामस्वरूप ड्रायवर को धुंधला दिखता है या कुछ समय के लिए अंधापन छा जाता है। इस कारण से भी रात मे सडक दुर्घटनाएं हो रही हैं।

**हाईबीम पैदा करती है क्षणिक अंधापन-** ज्यादातर कार चालक अपनी स्वयं की सुविधा के लिए कार मे मानक हैडलाइट के अलावा तीव्र प्रकाश वाली हाई ल्यूमन एल ई डी लाइट जिसे एसडी लाइट कहते हैं लगवा लेते हैं। ये निर्धारित ज्योति सीमा 60 वाट से बहुत ज्यादा होती है जिससे दूसरे वाहन चालकों की आंख पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विपरीत दिशा से चल रहे वाहन चालक को असहजता महसूस होती है। तीव्र हाई ल्यूमन की लाइट आंखों में दृष्टिदोष उत्पन्न कर देती है और लगातार हाई बीम की सफेद लाइट से संपर्क बने रहने पर रेटिना सिकुड़न जैसी समस्या हो जाती है। इससे अंधापन, आंखों में जलन व सिरदर्द होने लगता है।

**रात में वाहन चलाना परेशानी-** रात्रि में वाहनों की चेकिंग न होने से अधिकांश वाहन चालक हाई बीम पर एसडी लाइट का दुरूपयोग करते देखे जा रहे हैं। जब ये हाईबीम की सफेद लाइट जो पूरी तीव्रता से दूसरे वाहन चालक की आंख पर टकराती है तो क्षणिक अंधापन पैदा कर देती है जिससे सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। तीव्र प्रकाश के कारण ड्रायवर अपसंरेखण (मिस अलाइनमेंट) के चलते दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।






### दूरगामी खतरा है एसडी लाइट

तीव्र प्रकाश की हाई ल्यूमन लाइट के लगातार संपर्क के कारण वाहन चालक के नेत्रों का मैकूला खराब हो जाता है और आंखे धुंधला देखने लगती है। आंखों में सूखापन आने से सिरदर्द निरंतर बना रहता है। ऐसी स्थिति मे वाहन चालक के एएमडी यानी एज रिलेटेड मैक्यूलर डिजनरेशन का शिकार होने की प्रत्याशा बढ़ जाती है।

### जांच की दरकार

शहर की ट्राफिक पुलिस को इस गंभीर खतरे को देखते हुए समय समय पर मुख्य सडकों पर दौड़ रहे चौपहिया वाहनों की लाइट चैक करनी चाहिए कि वे निर्धारित मानक के अनुरूप हैं या नहीं। ज्यादा तीव्र प्रकाश अथार्त हाई ल्यूमन एसडी लाइट को तुरंत वाहनों से निकालवा कर चालानी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि एसडी लाइट का शिकार कोई दूसरा चालक न बने।

## उज्जैन स्टेशन पर शीघ्र हो स्टेशन डायरेक्टर की नियुक्ति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना की भूमि उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आस्था और विश्वास का महापर्व है। भगवान महाकाल की नगरी में होने वाले इस दिव्य आयोजन में देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

यह जानकारी देते हुए मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि सिंहस्थ केवल एक मेला नहीं बल्कि सनातन संस्कृति, साधना, सेवा और समर्पण का विराट संगम है।इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता में भारतीय रेलवे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाली है। श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित आवाजाही का सबसे बड़ा माध्यम रेलवे ही होगा। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सिंहस्थ के दौरान रेलवे उज्जैन की जीवन रेखा बन जाता है। सिंहस्थ कोई सामान्य आयोजन नहीं है, बल्कि यह वर्षों पूर्व से की जाने वाली सुदृढ़ योजना, सुव्यवस्थित क्रियान्वयन और निरंतर निगरानी की अपेक्षा करता है। वर्तमान में रेल्वे द्वारा सिंहस्थ के लिए मेला अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है जो एक सकारात्मक कदम है किन्तु मेला अधिकारी रतलाम में रहते हैं और उनके पास पहले से ही अनेक प्रशासनिक जिम्मेदारीया हैं।ऐसे में उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण केंद पर स्थानीय स्तर पर निरंतर निगरानी का अभाव महसूस किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 को सफल, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए स्मरणीय बनाने हेतु उज्जैन रेलवे स्टेशन पर एक पूर्णकालिक, सक्षम एवं अनुभवी स्टेशन डायरेक्टर की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। ऐसा अधिकारी जो उज्जैन में ही निवास करते हुए दिन रात रेलवे की तैयारियों, यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा रेलवे के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और राज्य सरकार और उज्जैन नगर प्रशासन के साथ तालमेल बना कर सिंहस्थ 2028 के आयोजन को सर्वश्रेष्ठ बनाने में मददगार होगा।

उज्जैन
मंगलवार
24
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### असंगठित श्रमिकों को मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन, शिविर आज

**इंदौर।** असंगठित कामगारों के लिए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना चलाई जा रही है। इसके तहत 60 साल की आयु पूरी होने पर लाभार्थियों को 3 हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जाएगी। इस योजना के लिए 18 से 40 साल आयु के श्रमिक पात्र हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपए या उससे कम हो। योजना में लाभार्थी व केंद्र सरकार द्वारा बराबर अंशदान के रूप में योगदान किया जाता है। श्रम विभाग व सीएससी सर्विसेस के सहयोग से 24 फरवरी को दवा बाजार, बिल्किट ट्रांसपोर्ट नगर में सुबह 11 बजे से शिविर लगाया जाएगा।

### पालदा और कुमेड़ी में हैं 700 उद्योग ट्रीटमेंट प्लांट पर खर्च होंगे 66 करोड़

**इंदौर।** नदी-नालों में दूषित जल छोड़ने वाली औद्योगिक और अन्य इकाइयों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई होगी। ऐसी सभी इकाइयां दूषित जल के समुचित निपटारे की व्यवस्था करें। वे परिसर में ही ईटीपी की स्थापना करें। आवश्यकता अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी अनिवार्य रूप से बनवाया जाए। यह निर्देश कलेक्टर शिवम वर्मा ने औद्योगिक अपशिष्ट जल के प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विषय पर हुई बैठक में दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि पालदा और कुमेड़ी क्षेत्र में करीब 700 छोटे-बड़े उद्योग संचालित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में सीईटीपी की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में सीईटीपी की स्थापना की जाए। जरूरत पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से भी अपशिष्ट जल का परिवहन कर सीईटीपी तक पहुंचाया जाए।

### चेकिंग पॉइंट के लिए रैलिंग तोड़कर बैरिकेड्स बनाए, लेफ्ट टर्न बंद किया

**इंदौर।** पुलिस की एक गलती से तीन कॉलोनियों देवेंद्र नगर, चाणक्यपुरी और सिल्वर ऑक्स कॉलोनी का मुख्य मार्ग ही बाधित हो गया है। इसका कारण है, पश्चिम क्षेत्र में चाणक्यपुरी चौराहे के पहले केसर बाग रेलवे ओवर ब्रिज के उतार पर ही ट्रैफिक पुलिस ने अपना चेकिंग पॉइंट बना लिया है। इतना ही नहीं, इस पॉइंट के लिए पुलिस ने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में ग्रीन बेल्ट को सुरक्षित रखने के लिए जो जालियां लगाई थीं, उन जालियों को उखाड़कर बैरिकेड्स के रूप में लगा लिया है। इसके चलते एक कॉलोनी का लेफ्ट टर्न पूरी तरह से बंद कर दिया है। देवेंद्र नगर, चाणक्य पुरी और सिल्वर ऑक्स के परेशान रहवासियों का कहना है कि चोइथराम मंडी से लौटकर ब्रिज से उतरने के बाद लेफ्ट टर्न लेते ही वे अपनी कॉलोनी में एंट्री कर जाते हैं। लेकिन, ट्रैफिक पुलिस ने ग्रीन बेल्ट से लोहे की जालियां उखाड़कर इस्तेमाल कर लीं और लेफ्ट टर्न ही बंद कर दिया।

### रील बनाने मोहाड़ी के कुंड में उतरे छात्रों में से एक डूबा, मौत

**इंदौर।** खुडैल क्षेत्र स्थित मोहाड़ी फाल में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक छात्र की डूबने से रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार सुबह एसडीआरएफ और ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला। पता चला कि वे लोग रील बनाने के लिए नीचे उतरे थे। कंपेल चौकी प्रभारी सत्येंद्र सिंह सिसौदिया के अनुसार, सूरज (20) पिता अशोक कुशवाह निवासी मुरैना की मौत हुई है। साथियों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन रात में सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका। सुबह एसडीआरएफ व ग्राम रक्षा समिति को बुलवाया। रेस्क्यू के बाद थोड़ी देर में शव मिल गया। शव को ऊपर करीब एक किमी तक लाना मुश्किल था, इसलिए शव को लकड़ी के सहारे रस्सियों से बांधा फिर पगडंडी से ऊपर लाया गया।

### छावनी रोड चौड़ीकरण विवाद- फिलहाल टला तोड़फोड़ का खतरा

# एक सड़क- 18 मीटर बनाम 24 मीटर

### हाईकोर्ट के दखल के बाद बैकफुट पर इंदौर निगम

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर



इंदौर के मधुमिलन से छावनी पुल तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर छावनी रोड इन दिनों शहर की नई सियासी-प्रशासनिक बहस का केंद्र बनी हुई है। 24 मीटर चौड़ाई के आधार पर बाधक निर्माण हटाने के नोटिस जारी होने के बाद क्षेत्र में असंतोष बढ़ा, मामला अदालत पहुंचा और अब इंदौर नगर निगम ने नोटिस प्रभावहीन कर दिए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि रहवासी अब भी असमंजस में हैं।

कुछ दिन पहले सड़क पर सेंटर लाइन डाले जाने के बाद रहवासियों को चौड़ीकरण की आशंका हुई। जोन-11 के भवन अधिकारी ने 24 मीटर चौड़ाई में आ रहे हिस्सों को हटाने के नोटिस जारी कर दिए। इसके विरोध में रावत परिवार सहित अन्य प्रभावितों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की शरण ली।

एडवोकेट जयेश गुरनानी का कहना है कि वर्षों पहले 18 मीटर चौड़ाई के हिसाब से भवन निर्माण की अनुमतियां दी गई थीं।

जब निगम ने खुद नक्शा पास किया, टैक्स लिया और अब अचानक 24 मीटर का हवाला देकर नोटिस दे दिया, तो रहवासी जाएं तो जाएं कहां जाएं?

#### दो मानक, एक सड़क

इंदौर विकास योजना 2021 में इस मार्ग की चौड़ाई 24 मीटर दर्शाई गई है। वहीं, पुराने रिकॉर्ड में 18 मीटर के आधार पर निर्माण अनुमति दी गई। यही विरोधाभास पूरे विवाद की जड़ है। कानून के मुताबिक बिना विधिक प्रक्रिया और अधिग्रहण के सीधे तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं हो सकती है। अभिभाषकों का कहना है कि पूर्व में भी न्यायालय ने प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई से ठीक पहले निगम ने नोटिस को प्रभावहीन करने का निर्णय लिया और आश्वासन दिया कि आगे की कार्रवाई नियमों के तहत ही होगी।

#### 20 फरवरी को 24 फीट मानकर लगाए थे निशान

बीते सप्ताह इंदौर नगर निगम ने एक बार फिर छावनी सड़क पर तोड़फोड़ की तैयारी कर ली थी। निगम की टीम इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट मानकर ही निशान लगाए थे। निगम की इस कार्रवाई से रहवासियों और दुकानदारों में आक्रोश है। रहवासियों की मांग है कि सड़क की चौड़ाई 80 नहीं 60 फीट रखी जाए। मधुमिलन चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक लगभग 870 फीट सड़क मास्टर प्लान योजना के अंतर्गत बनाई जाना है।

**600 से ज्यादा मकान होंगे प्रभावित-** छावनी और सुभाष मार्ग के चौड़ीकरण में 600 से ज्यादा मकान बाधक हैं। छावनी सड़क पर 328 तो सुभाष मार्ग पर 304 मकान चिह्नित किए हैं। दोनों जगह मिलाकर 100 से ज्यादा मकान पूरे खत्म हो रहे हैं। दोनों ही जगह रहवासी सड़कों की चौड़ाई कम रखने की मांग कर रहे हैं।

**महापौर परिषद सदस्य भी उठा चुके हैं मांग-** रहवासियों के साथ जनप्रतिनिधि भी छावनी सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग उठा चुके हैं। विधायक गोलू शुक्ला और महापौर परिषद सदस्य मनीष शर्मा मामा ने भी मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर हुई बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी।

# चार वार्डों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने जोनल कार्यालय घेरा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर



वार्ड 74 से 78 तक पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट और सफाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को बिलावली स्थित नगर निगम के जोनल कार्यालय 13 का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने जोनल अधिकारी को समस्याओं को लेकर खरी-खरी सुनाई और मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाने पर सवाल उठाए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि निगम की लापरवाही के कारण पहले भी जान-माल का नुकसान हुआ है और अब इन वार्डों की जनता रोजाना परेशान हो रही है। ज्ञापन में वार्ड 74 के विष्णुपुरी स्थित सोनिया गांधी नगर में नई पाइपलाइन बिछाने, राहुल गांधी नगर में जलभराव व सड़क निर्माण, वार्ड 75 पालदा के भावना नगर में अधूरी सड़क, वार्ड 77 लिंबोदी में सड़क व चैंबर कार्य लंबित रहने और बंद स्ट्रीट लाइट व वार्ड 78 बिजलपुर के भीमनगर व मार्तंड नगर में गंदे पानी व सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की गई।

आंदोलन का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। 10 दिन में समाधान नहीं होने पर जोनल कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

### शहर के थानों की रैंकिंग

# विजय नगर अव्वल-सेंट्रल कोतवाली फिसड्डी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर

शहर में पहली बार पुलिस कमिश्नरेट के थानों का मूल्यांकन हुआ है। सोमवार को जनवरी महीने के परिणाम जारी हुए हैं, जिसमें विजय नगर थाना नंबर वन पर, कनाड़िया दूसरे, खजराना तीसरे और सबसे आखिरी में सेंट्रल कोतवाली थाना है। इसमें थानों के कामों की एक मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें कई मापदंडों पर हर जोन में मासिक आधार पर मूल्यांकन हुआ है। यह आगे भी जारी रहेगा। अपराधों पर नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग के लिए से थानों के कामों का मूल्यांकन शुरू हुआ है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य थानों की वर्किंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। अफसरों का कहना है, इससे थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। अफसरों ने थानों के मूल्यांकन में हर पैरामीटर पर अलग-अलग नंबर दिए हैं। इनका मूल्यांकन संबंधित जोन के डीसीपी ने किया है। सीसीटीएनएस रिकॉर्ड, मोहल्ला समिति की बैठक, शराब पकड़ने, चोरी का माल बरामद करने, वारंट तामिली, जेल भेजने, प्रिवेंटिव कार्रवाई जैसे प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, लॉ एंड आर्डर संभालने जैसे कई पैरामीटर तय किए गए थे।

### ट्रैफिक बाधित करने वालों पर ड्रोन से नजर नो पार्किंग और लेफ्ट टर्न पर 180 चालान

# इंदौर में राजबाड़ा सहित प्रमुख सड़कों, बाजारों में कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर



ट्रैफिक सुधार के लिए पुलिस इन दिनों ड्रोन से निगरानी कर रही है। जैसे ही ड्रोन से पता चलता है कि कहीं नो पार्किंग में वाहन खड़ा है या कहीं सड़क पर किसी वजह से ट्रैफिक बाधित हो रहा है तो कंट्रोल रूम से तत्काल संबंधित इलाके में पुलिस टीम को भेजकर चालानी कार्रवाई की जा रही है। राजबाड़ा क्षेत्र के बाजारों, जवाहर मार्ग पर इसका असर देखने को मिल रहा है। आम तौर पर जिन इलाकों या सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, वहां सड़कें खाली नजर आ रही हैं। ट्रैफिक भी सुगम है।

हाई रिजॉल्यूशन ड्रोन को राजबाड़ा इलाके में उड़ाकर पुलिस ने रविवार से सोमवार के बीच 148 नो पार्किंग के वाहनों के चालान बनाए। वहीं यशवंत रोड चौराहा, नंदलालपुरा चौराहा, मृगनयनी के आसपास 11 लोगों को लेफ्ट टर्न बाधित करने और 22 लोगों को बेवजह सड़क पर वाहन खड़ा कर ट्रैफिक बाधित करने पर चालानी कार्रवाई की। जिस ड्रोन का पुलिस इस्तेमाल कर रही है, उसे 120 मीटर की ऊंचाई पर उड़ाकर हर प्रमुख चौराहे व मार्गों की मॉनिटरिंग करवा रहे हैं।

जैसे ही कहीं ट्रैफिक बाधित दिखता है, नजदीकी खड़ी क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) के सदस्यों को वायरलेस सेट पर मैसेज देकर तत्काल मौके पर भेजा जाता है। इसका असर भी दिखने लगा है। व्यस्त बाजारों में सड़कें खाली नजर आने लगी हैं। राह आसान हुई है।

#### ऐसे हो रही कार्रवाई

- डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर में ड्रोन से ट्रैफिक सुधार की कार्रवाई रविवार से शुरू की है। सोमवार को शहर के अन्य क्षेत्रों में हमने इसकी मॉनिटरिंग कर उन लोगों के चालान बनाए जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।
- अफसर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे, व्यापारी भी सहयोग कर रहे
- ड्रोन की कार्रवाई में स्मार्ट पुलिसिंग के कैमरों से लैस कंट्रोल रूम को मुख्य सेंटर बनाया है।
- ड्रोन के एक बार उड़ान भरने के दौरान अधिकारी इसी कंट्रोल रूम से प्रमुख चौराहों व मार्गों की मॉनिटरिंग करते हैं।
- जहां भी जाम या लेफ्ट टर्न बाधित दिखता है, वहां ड्रोन से फुटेज लेकर संबंधित लापरवाह वाहन चालक पर कार्रवाई के लिए तत्काल वायरलेस सेट से मैसेज देकर टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई की जाती है।
- जहां भी नो पार्किंग में वाहन दिखता है तत्काल टीम व्हील लॉक कर देती है।

## खबर एक नजर...

### दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने किए महाकाल के दर्शन: मंदिर की व्यवस्थाओं को सराहा

**उज्जैन।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। सूद ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वे गृह, शिक्षा, विद्युत एवं शहरी विकास मंत्री हैं।

दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने मंत्री सूद का पारंपरिक रूप से सम्मान किया। इस अवसर पर मंदिर प्रशासन के अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मंत्री सूद ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंदिर परिसर में की गई उत्तम व्यवस्थाओं की सराहना की। इसी दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) और पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री मोहन नागर ने भी श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए।

### युवा संवाद में गूंजे छत्रपति शिवाजी के स्वराज्य, स्वाभिमान और राष्ट्रचेतना के स्वर

**उज्जैन।** प्रज्ञा प्रवाह मालवा प्रांत के युवा आयाम और सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं स्वराज्य विषय पर एक युवा संवाद का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को स्वराज्य, स्वाभिमान और राष्ट्रचेतना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नागपुर से आए प्रख्यात यूट्यूबर और इतिहास शोधार्थी आशीष भारतवंशी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों को जीवंत कर दिया। उन्होंने अफजल खान वध का वर्णन करते हुए इसे मात्र युद्धकौशल नहीं, बल्कि रणनीतिक दूरदर्शिता और आत्मरक्षा का अद्वितीय उदाहरण बताया। प्रतापगढ़ किले के युद्ध और स्वराज्य रक्षा के संघर्ष को समझाते हुए उन्होंने बाजी प्रभु देशपांडे के बलिदान का प्रेरक प्रसंग सुनाया, जिसने उपस्थित युवाओं को भाव-विभोर कर दिया। भारतवंशी ने शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक को हिंदवी स्वराज्य की आधिकारिक स्थापना का गौरवपूर्ण क्षण बताया। साथ ही, उन्होंने गनिमी कावा (छापामार युद्ध पद्धति)



# फसलों के नुकसान पर उज्जैन में किसान संघ का प्रदर्शन, गांवों में चक्का जाम की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**एडीएम ने सुनी किसानों की बात, दिया आश्वासन**

भारतीय किसान संघ ने उज्जैन कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर का पुतला दहन किया और तहसीलों में चक्का जाम की चेतावनी दी।

भारतीय किसान संघ, जिला उज्जैन (मालवा प्रांत, मध्यप्रदेश) ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से फसलों को हुए नुकसान के संबंध में था।

### गेहूं, चना, मटर, प्याज और लहसुन को भारी क्षति

किसानों ने बताया कि वर्ष 2026 की रबी फसल में गेहूं, चना, मटर, प्याज और लहसुन को भारी क्षति हुई है। संघ ने आरबीसी की धारा 6(4) के तहत प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए की राहत राशि और तत्काल फसल बीमा भुगतान की मांग की है। इसके अतिरिक्त, सरकार से 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने का वादा पूरा करने की भी अपील की गई।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण गेहूं का दाना चमकहीन हो गया है, अतः गुणवत्ता के आधार पर खरीदी में किसानों को नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बनाने और आलू-प्याज का समर्थन मूल्य घोषित करने की भी मांग की।



### एडीएम ने सुनी किसानों की बात, दिया आश्वासन

ज्ञापन सौंपने के दौरान उज्जैन के एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर ज्ञापन लेने पहुंचे। किसानों का आरोप है कि उन्होंने पहले बात करने से इनकार कर दिया, जिससे पदाधिकारी नाराज हो गए। हालांकि, कुछ देर बाद एडीएम ने किसानों की बात सुनी और आश्वासन दिया।

# प्रवीण तोगड़िया बोले-एक लाख स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ होगा

### 10 करोड़ हिंदू परिवारों को जोड़ने का संकल्प, उज्जैन में अधिवेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में दो दिवसीय हिंदू अधिवेशन से पहले अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने देशभर में एक लाख स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ कराने की घोषणा की है। उनका लक्ष्य 10 करोड़ हिंदू परिवारों को एक मंच पर जोड़ना है।

यह घोषणा राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय महिला परिषद के दो दिवसीय हिंदू अधिवेशन के शुभारंभ से पहले की गई। तोगड़िया ने बताया कि आगामी एक वर्ष में देश के एक लाख स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य 10 करोड़ हिंदू परिवारों को संगठित करना है।

शहर के शहनाई गार्डन में 24 और 25 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक-अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से होगी। तोगड़िया ने अपने संकल्प को ह्रासुरक्षित, समृद्ध, स्वस्थ और स्वावलंबी हिंदूह्न बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हर मंगलवार और शनिवार को गली-गली में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा।

तोगड़िया के अनुसार, इससे संगठनात्मक मजबूती के साथ सेवा कार्यों को भी गति मिलेगी। अभियान के दौरान हर परिवार से 'एक मुट्ठी अनाज' एकत्रित कर जरूरतमंद हिंदू परिवारों तक राशन पहुंचाया जाएगा। इस अधिवेशन में देशभर से लगभग 5,000 पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। बताया गया कि 1,600 से अधिक बैठकों में 'हिंदू घर-सुरक्षित घर' जैसे विषयों पर रणनीति तैयार की जाएगी। हम पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश के 250 जिलों का दौरा कर हिंदुओं को संगठित करने का कार्य कर रहे हैं।

### महाकाल, हरसिद्धि,काल भैरव व अन्य मंदिरों में दिया रिसेप्शन का निमंत्रण

**उज्जैन।** श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार 1 मार्च को नृसिंह घाट मार्ग, जयसिंहपुरा स्थित रघुकुल गार्डन में भंडारे (रिसेप्शन) का आयोजन करेगा। आयोजक गुरुजी हरीश जोशी ने बताया आयोजन के लिए समिति ने नगर के प्रमुख देवी-देवताओं और तीर्थों पर कार्यक्रम की प्रथम आमंत्रण पत्रिका (निमंत्रण) अर्पित की। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश (बाबा गजानंद महाराज), माता हरसिद्धि, राजाधिराज महाकाल महाराज और माता संतोषी को पत्रिका भेंट की गई। इसके बाद नगर के प्रमुख तीर्थों और भैरव मंदिरों जिनमें काल भैरव, मंगलनाथ, सिद्धनाथ, चक्र तीर्थ, मोक्षदायिनी शिप्रा नदी, आनंद भैरव और विक्रांत भैरव आदि मंदिरों में भी विधिवत रूप से आमंत्रण पत्रिका अर्पित की।

### दिन का पारा 31 के पार, चार दिन हल्की बारिश के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मावठा गिरने से बदले मौसम ने फिर करवट ली है। रविवार को आसमान साफ रहा। दोपहर में धूप के तेवर भी तीखे रहे। हालांकि रात में सर्दी का दौरा जारी है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री रहा, जो कि शनिवार के अधिकतम तापमान 31 डिग्री से 0.5 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया, जो कि शनिवार के न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से 1.0 डिग्री ज्यादा है। ऐसे में दिन और रात के तापमान की तुलना करें तो 15.5 डिग्री का अंतर आ रहा है। आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 32 फीसदी रही। मौसम विभाग भोपाल ने अगले चार दिन तक शहर और आसपास के क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है। प्रदेश के पांच सबसे गर्म शहरों में उज्जैन बदलते मौसम के बीच दिन में तपन बढ़ गई है। मौसम विभाग भोपाल की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पांच सबसे गर्म शहरों में उज्जैन भी शामिल रहा। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो मंडला 32 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। उसके बाद आलीराजपुर 31.8, खरगोन 31.6, उज्जैन 31.5 और बड़वानी 31.2 डिग्री पर रहा।

# सिंहस्थ 2028 के कामों का डेडलाइन कैलेंडर जारी

### उज्जैन में अधिकांश निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरे करने का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने सिंहस्थ-2028 से संबंधित निर्माण कार्यों के लिए समयसीमा निर्धारित कर दी है। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के निर्देश पर जारी इस कैलेंडर के अनुसार, अधिकांश परियोजनाओं को दिसंबर 2026 तक



पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

प्रशासन ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नगर निगम में समीक्षा बैठक के बाद यह तय किया था कि सिंहस्थ से जुड़े सभी विकास कार्य निर्धारित समय पर पूरे हों। इसके बाद मेला अधिकारी आशीष सिंह ने प्रत्येक कार्य की डेडलाइन तय कर उसकी नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सड़क चौड़ीकरण, सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण, रिटेनिंग वॉल, बॉक्स कल्वर्ट और सेंट्रल लाइटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का चरणबद्ध कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर में हर परियोजना के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब कार्यों को ह्रदिन नहीं, घंटेह्न के हिसाब से पूरा कराया जाएगा। सुबह से शाम तक प्रगति की लगातार निगरानी की जाएगी। संभागायुक्त स्वयं बिना पूर्व सूचना के निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण करेंगे ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

### दीर्घकालिक पैकेजों के लिए 700 दिन

कुछ प्रमुख परियोजनाओं की समयसीमा इस प्रकार है: जीवनखेड़ी-सिकंदरी मार्ग (टफ21 कनेक्टिविटी) जून से अगस्त 2026 तक, नक्षत्र होटल से पंचमुखी हनुमान मंदिर जून 2026 तक, गऊघाटझ्रान सागर-धुर्वे नगर मार्ग जुलाई 2026 तक, जंतर मंतर-रिंग रोड कनेक्टिविटी सितंबर 2026 तक और सांदीपनि चौराहा-उदयन मार्ग दिसंबर 2026 तक पूर्ण किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, गाड़ी अड्डाझ्रबीडी क्लॉथ मार्केट कॉरिडोर मार्च 2027 तक और आरएनटी मार्ग चौड़ीकरण जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। सिंहस्थ-2028 के तहत कुल 22 प्रमुख सड़क/चौड़ीकरण परियोजनाएं शामिल हैं, जिन्हें 60 से अधिक चरणों में विभाजित किया है। डेडलाइन दिसंबर 2026 है, जबकि कुछ बड़े कॉरिडोर जनवरी 2027 तक पूरे होंगे। अधिकांश चरणों की अवधि 100 से 130 दिन निर्धारित की गई है, वहीं कुछ दीर्घकालिक पैकेजों के लिए 700 दिन से अधिक का समय दिया गया है।

## खबर एक नजर...

### विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की भूमिका अहम

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन और भारतीय शिक्षण मंडल (मालवा प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में ह्वविकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयकह्न2025ह्व विषय पर एक दिवसीय आनंदशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की केंद्रीय भूमिका को सुदृढ़ करना और शिक्षा व्यवस्था को समग्र व मूल्यनिष्ठ बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ बी. आर. शंकरानंद के बीज वक्तव्य से हुआ। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र के समग्र विकास का आधार बताते हुए इसे चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय दायित्व से जोड़ने पर बल दिया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में शिक्षा अधिष्ठान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षण संस्थानों को सामाजिक परिवर्तन और नवाचार के केंद्र के रूप में कार्य करना चाहिए। आनंदशाला में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए कुलगुरुओं, शिक्षाविदों और विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा अधिष्ठान के नीतिगत ढांचे, शैक्षणिक सुधार, संस्थागत समन्वय, भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश और भविष्य उन्मुख शिक्षण पद्धतियों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. राकेश सिंहाई कुलगुरु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ. रामदास गोमा आत्राम कुलगुरु डॉ. बी. आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय, डॉ. मोहन लाल कोरी कुलगुरु क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, डॉ. शरदचंद्र वानखेड़े कुलगुरु अमलतास वानखेड़े विश्वविद्यालय, डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी कुलगुरु वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ. अमोल गोरे कुलगुरु ओरिएंटल विश्वविद्यालय इंदौर, डॉ. संजीव नारंग कुलगुरु मालवांचल विश्वविद्यालय इंदौर, सुप्रभात चौकसे इंदौर और प्रो. गोविंद गांधी निदेशक कालिदास अकादमी उज्जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# धूल उड़ने पर मजदूर पर फावड़े-बेल्ट से हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में निर्माण कार्य के दौरान धूल उड़ने को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर पर फावड़े और बेल्ट से हमला कर दिया गया। इस मामले में पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



यह घटना रविवार शाम उज्जैन के पंड्याखेड़ी क्षेत्र में हुई। श्याम प्रजापत नामक मजदूर अपने घर के पास निर्माण कार्य में लगा था। वह ऊपरी मंजिल से रेत की तगाड़ी नीचे डाल रहा था, तभी वहां से गुजर रहे सादिक शाह पर धूल और रेत उड़ गई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि सादिक शाह ने श्याम को नीचे बुलाया और फावड़े, बेल्ट से उस पर हमला कर दिया। इसी दौरान सादिक के बेटे इरशाद और इकबाल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी श्याम को थप्पड़-मुक्कों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया।

पंवासा थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई ने बताया कि घायल श्याम के थाने पहुंचने पर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। चोटों के आधार पर सादिक शाह और उसके दोनों बेटों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। वायरल वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

## अ.भा. माली समाज विकास परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

### पिछले 30 वर्षों से समाज के उत्थान के लिए कार्यरत है परिषद्

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद् में मध्य प्रदेश के अनेक समाजसेवियों को राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सांखला ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि माली सैनी समाज के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षणिक विकास के लिए यह संगठन पिछले 30 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं अशोक सैनी भोपाल, सुधीर सांखला उज्जैन, रमेश सैनी सागर, अनिल सांखला ग्वालियर, हरिनारायण माली भोपाल, राजेश दौड़के छिंदवाड़ा, भूपेन्द्र सुमन श्योपुर, लक्ष्मण महाजन बुरहानपुर, राजेश चौहान कन्नौद, महेश बाड़ाने धार, देवीसिंह सांखला हरदा और गोपालकृष्ण कश्यप गुना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार पत्रकार धर्मेन्द्र भाटी उज्जैन, गोपाल बागरवाल उज्जैन, राजेश परमार बड़नगर, प्रदीप भाटी मंदसौर, गोपाल पटेल सीहोर, विजय सैनी नसरुल्लागंज, विजय चौहान झाबुआ, प्रेम बनोपा जावरा, बलवंत महावर नीमच, सहदेव माली आगर और गीता रामी उज्जैन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# रजिस्टर में उपनिदेशक का नाम ही नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कालिदास संस्कृत अकादमी में उपनिदेशक के रूप में मनोनीत दिनेशकुमार मिश्र पिछले तीन महीने से अकादमी नहीं आए हैं। बावजूद उपस्थिति पूरी दर्शाई जा रही है। उपस्थिति पत्रक को अभिप्रमाणित कर अकादमी प्रबंधन विभागीय मुख्यालय को भेजता आ रहा है। अब यह भी सामने आया है कि उपनिदेशक मिश्र का नाम अकादमी के हाजिरी रजिस्टर में दर्ज तक नहीं किया गया है।




मप्र संस्कृति परिषद् ने 30 जनवरी 2025 को भोपाल के मिश्र का उपनिदेशक के रूप में मनोनयन किया था। उन्हें कालिदास संस्कृत अकादमी में संस्कृत प्रभाग का कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई। मिश्र ने मार्च 2025 में ज्वाइनिंग दी। इसके बाद वे एक बार फिर अकादमी आए। अभा कालिदास समारोह के दौरान वे 4 और 7 नवंबर 2025 को अकादमी आए थे। 7 नवंबर 2025 को समापन समारोह में शामिल होने के बाद वे अब तक अकादमी नहीं आए। इसकी पुष्टि अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने भी की है। सवाल यह है कि मिश्र को तीन महीने से अकादमी आए बिना 30 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। यह जानकारी भी सामने आई है कि हाजिरी रजिस्टर में उपनिदेशक मिश्र का नाम लिखा ही नहीं गया।

दूसरी उपनिदेशक डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया का नाम रजिस्टर में दर्ज है। वे हस्ताक्षर कर हाजिरी लगाती हैं। डॉ. फिरोजिया प्रतिनियुक्ति पर अकादमी में पदस्थ हैं। मिश्र का दावा है कि वे अकादमी आते-जाते रहते हैं। निदेशक का कहना है कि 7 नवंबर 2025 के बाद से मिश्र अकादमी नहीं आए।

# सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में जुटा पुलिस महकमा:4-एस मॉडल के साथ उच्च स्तरीय मंथन

### भीड़-यातायात से लॉजिस्टिक्स तक बनी रणनीति



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में आगामी सिंहस्थ-2028 के सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा उज्जैन के अंजू श्री होटल में एक उच्च स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर व्यापक चर्चा हुई।

सेमिनार में '4-र मॉडल' को आधार बनाकर प्रशिक्षण और कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। इस मॉडल में अनुभवों का साझाकरण, विकास के प्रति संवेदनशीलता, टीम में तालमेल और भविष्य के लिए रणनीति जैसे प्रमुख बिंदु शामिल हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ-2016 और 2004 के अनुभवों से सीख लेते हुए 2028 की संभावित चुनौतियों का पूर्वानुमान कर अभी से चरणबद्ध तैयारी की जाएगी।

उद्घाटन सत्र में डीजी ईओडब्ल्यू श्री उपेंद्र जैन ने पूर्व आयोजनों की परिस्थितियों और तकनीक के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह ने पुलिस बल के प्रशिक्षण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। विशेष शाखा के पुलिस उप महानिरीक्षक तरुण नायक ने '4-र मॉडल' की उपयोगिता समझाते हुए बताया कि यह मॉडल पुलिस बल को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाएगा।

सेमिनार में सिंहस्थ-2016 के अनुभवों और 2028 की संभावित चुनौतियों पर भी विशेष चर्चा की गई। उज्जैन के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने तैयारियों की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला, जबकि उज्जैन जोन के आईजी राकेश गुप्ता ने अपने पूर्व अनुभव साझा करते हुए आगामी चुनौतियों पर विचार प्रस्तुत किए।

प्रशिक्षण सामग्री के संबंध में पीएसओ डॉ. विनीत कपूर, पुलिस अधीक्षक मझगंज दिलीप कुमार सोनी और पीटीएस उज्जैन की पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस सेमिनार में एडीजी, आईजी, डीआईजी और विभिन्न जिलों के एसपी सहित कुल 52 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

पुलिस विभाग का मानना है कि यह पहल सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### मसूर की दाल, इलायची और 5 सेंटीमीटर के शंख पर उकेरीं देवी-देवताओं की आकृतियां

# उज्जैन की बेटियों का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन की तीन युवा छात्राओं ने सूक्ष्म कला (माइक्रो आर्ट) में अद्भुत उपलब्धि हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। मसूर की दाल, इलायची और 5 सेंटीमीटर के शंख जैसी छोटी वस्तुओं पर देवी-देवताओं की बारीक आकृतियां उकेरकर इन छात्राओं ने विभिन्न वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक्स में अपना नाम दर्ज कराया है। तीनों छात्राएं उज्जैन के एक निजी फाइन आर्ट्स कॉलेज में अध्ययनरत हैं।

### इलायची पर उकेरे भगवान गौतम बुद्ध

19 वर्षीय अपेक्षा गोखरू फाइन आर्ट्स प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने एक छोटी इलायची पर पोस्टर कलर से गौतम बुद्ध की अत्यंत सूक्ष्म आकृति बनाई। इसी माह तैयार की गई इस कलाकृति को सूक्ष्म कला श्रेणी में वर्ल्ड वाइड बुक में स्थान मिला। उन्हें चयन की सूचना प्राप्त हो गई।






सर्टिफिकेट के साथ राशि निगम। मसूर की दाल पर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की आकृतियां उकेरते हुए। मसूर की दाल पर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की आकृतियां उकेरते हुए। अपेक्षा गोखरू ने छोटी इलायची पर पोस्टर कलर से गौतम बुद्ध की अत्यंत सूक्ष्म आकृति बनाई। अपेक्षा गोखरू ने छोटी इलायची पर पोस्टर कलर से गौतम बुद्ध की अत्यंत सूक्ष्म आकृति बनाई।

भूमि कसेरा ने मसूर की दाल पर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की आकृतियां उकेरीं।

20 वर्षीय राशि निगम ने मात्र 5 सेंटीमीटर के छोटे से शंख पर एक्रेलिक रंगों से भगवान गणेश के अष्टविनायक स्वरूप को उकेरा। खास बात यह रही कि उन्होंने यह आकृति केवल 30 मिनट में तैयार कर दी। उनकी इस रचना को ह्लसबसे छोटी आकृतिह्व श्रेणी में सराहा गया। राशि का नाम वर्ल्ड वाइड बुक, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और यूनिक बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। जनवरी में बनाई गई इस कलाकृति के लिए उन्हें ईमेल से चयन की सूचना मिली तथा प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान किया गया। राशि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। तीसरी प्रतिभाशाली छात्रा भूमि कसेरा ने मसूर की दाल के तीन अलग-अलग दानों पर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की सूक्ष्म आकृतियां उकेरीं। लगभग 10 मिनट में तैयार की गई इन बारीक कलाकृतियों ने उन्हें

## खबर एक नजर...

### स्थानीय लोगों ने किया कड़ा विरोध, मंदिर को बताया आस्था का केंद्र और नगर रक्षक

**उज्जैन।** सिंहस्थ क्षेत्र की पावन भूमि पर आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रों के लिए प्रस्तावित छात्रावास निर्माण की योजना अब विवादों के घेरे में आ गई है। प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से क्षेत्र में स्थित सर्व सुखदाता बाल विजय हनुमान मंदिर को हटाने की तैयारी की जा रही है, जिसका स्थानीय श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मंदिर कोई सामान्य ढांचा नहीं, बल्कि अनादिकाल से भक्तों की अटूट श्रद्धा का केंद्र है। प्रतिदिन यहाँ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन, पूजन और अर्चन के लिए पहुँचते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, भगवान बाल विजय हनुमान की प्रतिमा अत्यंत चमत्कारी है और वे नगर के खेड़ा क्षेत्र (परकोटे) में नगर रक्षक के रूप में विराजमान हैं। श्रद्धालुओं में इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है कि विकास और निर्माण के नाम पर एक प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध कर रहे लोगों का तर्क है कि मंदिर अनादिकाल से यहाँ स्थित है और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

# उज्जैन में 8 दिवसीय चेटीचंड महोत्सव का शंखनाद: फोल्डर का हुआ विमोचन अंतरराष्ट्रीय सूफी गायक जतिन उदासी बिखेरेंगे सुरों का जादू

### सिन्धु जागृत समाज द्वारा 15 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के फोल्डर का हुआ विमोचन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के प्राकट्य उत्सव 'चेटीचंड' के उपलक्ष्य में इस वर्ष 15 से 22 मार्च तक आठ दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को लेकर सिन्धु जागृत समाज द्वारा कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा वाले फोल्डर का विधिवत विमोचन किया गया। इस आठ दिवसीय आयोजन में शहर भर में कई धार्मिक, सामाजिक और मनोरंजक कार्यक्रम होंगे, जिसका सबसे बड़ा आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक जतिन उदासी की विशेष लाइव प्रस्तुति होगी।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिन्धु जागृत समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहरा और मुख्य संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित इस फोल्डर विमोचन कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सचिव रमेश गंगवानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, सह-संयोजक गोपाल बलवानी, रमेश गजरानी और दीपक बेलानी के विशेष मार्गदर्शन में सैकड़ों पदाधिकारियों व सदस्यों की मौजूदगी में 15 से 22 मार्च तक चलने वाले इन सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

महोत्सव के तहत 15 मार्च, रविवार से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों का उल्लास शुरू हो जाएगा। इसके अंतर्गत भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा ड्राइंग और सिंधी फूड प्रतियोगिता, पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत द्वारा होली मिलन एवं बहराणा साहिब का आयोजन होगा। वहीं, पूज्य सिंधी साहिती पंचायत एवं राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा प्रसिद्ध गायक मोहित लालवानी की भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 19 से 21 मार्च के बीच माधव नगर सिंधी समाज, पूज्य सख्खर पंचायत, श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर (गीता कॉलोनी), इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, संतराम सिंधी कॉलोनी पंचायत और पूज्य जेकम आबाद पंचायत द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों पर बहराणा साहिब, ध्वजारोहण, भजन संध्या, समाजसेवियों का सम्मान और महाप्रसादी के भव्य आयोजन किए जाएंगे।

इस आठ दिवसीय चेटीचंड महोत्सव का मुख्य और समापन समारोह 22 मार्च, रविवार को एक अत्यंत भव्य सांस्कृतिक संध्या के रूप में होगा। जंतर-मंतर चिंतामण रोड स्थित 'होटल अथर्व' में शाम 6:30 बजे से अपनी सूफी गायकी के लिए दुनियाभर में पहचान बना चुके बहुमुखी सिंधी कलाकार जतिन उदासी अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। महाकाल की नगरी में होने वाली यह संगीतमय शाम समाज के सभी वर्गों के लिए उल्लास और अपनी संस्कृति से जुड़ने का एक अनूठा अवसर होगी।

### रुद्राभिषेक और विशाल भंडारे का आयोजन, संतों ने जनकल्याण का लिया संकल्प

**उज्जैन।** दत्त अखाड़े में सतगुरु श्री श्री 1008 पीर श्री महंत राजेंद्र भारती जी महाराज और श्री महंत 1008 श्री श्री परमेश्वर भारती जी महाराज की पुण्यतिथि अपार श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखाड़े के वर्तमान गादीपति और मार्गदर्शक सतगुरु श्री श्री 1008 पीर श्री सुंदर पुरी जी महाराज के आशीर्वाद से विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। संत परिवार ने रुद्राभिषेक कर दिवंगत गुरुदेव को नमन किया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के वर्तमान सभापति श्री श्री महंत मोहन भारती जी महाराज और थानापति श्री विद्या भारती जी महाराज सहित अखाड़े के सभी संत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संतों ने गुरुओं के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके द्वारा समाज के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया।

# रघुपति राघव और वंदे मातरम के मूल स्वरूप से हुई छेड़छाड़- कुलश्रेष्ठ

### सनातन के अनछुए पन्नों से उठा पर्दा: 181 मिनट के उद्बोधन में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ बोले- युवाओं को परोसा गया अधूरा ज्ञान

### वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका, पर हुआ राष्ट्र चिंतन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच भटकते समाज और युवा वर्ग को अपनी संस्कृति की ओर अग्रसर करने, भेदभाव दूर करने और सभी सनातनियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रप्रेम को हृदय में जगाना सभी देशवासियों की जिम्मेदारी है।

यह बात राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में कही। कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह यादव ने बताया कि श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान द्वारा वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम में कुलश्रेष्ठ ने 181 मिनट के उद्बोधन में सनातन धर्म के कई ऐसे पन्ने उजागर किए, जो युवा पीढ़ी के सामने कभी नहीं लाए गए। उन्होंने रघुपति राघव राजा राम और वंदे मातरम का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने या साथ रखने के लिए इनके खास हिस्से हटाकर समाज के सामने अधूरा ज्ञान परोसा गया है। उन्होंने हटाई गई पंक्तियां भी श्रोताओं को सुनाई और तथ्यात्मक जानकारी समाज के सामने रखी। संस्था अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि रविवार 22 फरवरी को शाम 7 बजे से प्रारंभ हुए इस सकल हिंदू समाज के कार्यक्रम में देशभर के कई शहरों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। आयोजन इतनी शालीनता से संपन्न हुआ मानो शहरवासियों को इसका कई वर्षों से इंतजार था। युवा वंश यादव ने कहा कि इस वक्तव्य से सकल हिंदू समाज में ऊर्जा का संचार होगा और युवा सनातन धर्म के हर तीज-त्यौहार पूरे रीति-रिवाज के साथ मनाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा थे, जिन्होंने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। शुरूआत में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अतिथियों को गोधन (गाय के गोबर से निर्मित) स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच संस्थाओं का सम्मान किया गया। इनमें संत सत्कार समिति, भारत विकास परिषद संदीपनी, हरिओम वृक्ष मित्र मंडल, हम हिंदुस्तानी और अनाज तिलहन व्यवसाय संघ शामिल हैं।

आयोजन में संरक्षक नारायण यादव, कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह यादव, अध्यक्ष राजेश गर्ग, सचिव अक्षिता यादव, विधायक चिंतामणि मालवीय, पूर्व मंत्री पारस जैन, मुकेश लखवानी, राहुल नागवंशी, श्याम महेश्वरी, भगवान शर्मा, अक्षता यादव, अभिषेक गोयल, डॉ. सुशील खंडेलवाल, डॉ. राजेंद्र बंसल, जितेंद्र अक्षत, सुरेंद्र जोशी, राजेश पसारी, आनंद महेश्वरी, राजेंद्र यादव, सुरेश पोरवाल, अजय भातखंडे, दीपक राजवानी, ईश्वर पटेल, ओम गुप्ता और हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश गर्ग ने किया और आभार मनोज गरवाल ने माना।

# अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की बैठक में संगठन विस्तार और नवीन दायित्वों पर हुआ मंथन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत बापू चूड़ामणि और उज्जैन की महिला विंग अध्यक्षा महंत माया देवी की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक 22 फरवरी को झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के रामगढ़ बगीचा स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में संपन्न हुई। बैठक में उज्जैन सहित प्रदेश भर के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक महंत बापू चूड़ामणि साहब, प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय, महिला शक्ति विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा उज्जैन की महंत माया देवी और प्रदेश प्रवक्ता महंत ईश्वर दास शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से विचार करते हुए नवीन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इनमें रतलाम जिला अध्यक्ष के पद पर महंत हीरा दास साहब, झाबुआ जिला अध्यक्ष राजेंद्र डामोर, जिला महासचिव मुकेश निनामा, सरदारपुर तहसील अध्यक्ष मानक साहब, पेटलावद तहसील अध्यक्ष सवजी भगत, थांदला तहसील अध्यक्ष जालू गहलोत, रतलाम जिले की रावटी तहसील के अध्यक्ष अमर सिंह भाबर और उपाध्यक्ष के पद पर नाथू भगत को मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से चंपानेर थांदला के ईश्वर मुनिया, थांदला के प्रभु मेड़ा, कसरपुरा थांदला के शुक्ला भगत, जूना पानी पेटलावद के मनोहर सिंह वसुनिया, मोर झाबुआ के नंदू भूरिया, रतनाली झाबुआ के दल सिंह ग्रेवाल, बदनावर के भैरु दास साहब, मोर टुका रतलाम के ग्वार सिंह भूरिया, मामले झाबुआ के भुवार सिंह सिंगार, केसरपुरा झाबुआ के नंद भूरिया, घोली खाली झाबुआ के साहू सिंगार और धमार्पाड़ा रतलाम के मभीरा मेड़ा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति माता-बहनें भी उपस्थित रहीं। इन्हीं की गरिमामयी उपस्थिति में बैठक का सफल आयोजन किया गया।

# नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर की अवधि 5 दिन बढ़ी

### उज्जैन में 1 मार्च तक सेवाएं देंगे नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास जायसवाल धर्मशाला में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल का नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर जारी है। उज्जैन के नागरिकों के लिए खुशखबरी है कि शिविर में उमड़ती भारी भीड़ और जनता की मांग को देखते हुए शिविर की अवधि 5 दिन और बढ़ा दी गई है। अब यह शिविर 1 मार्च तक संचालित होगा। दशहरा मैदान में संपन्न हुए महाकाल वन मेला 2026 में प्रथम पुरस्कार विजेता और जबलपुर के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल जड़ी-बूटियों के माध्यम से जटिल बीमारियों का उपचार कर रहे हैं। शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।

### इंदौर का शिविर निरस्त, मरीजों से उज्जैन पहुंचने की अपील

शिविर में मरीजों की लगातार बढ़ती भीड़ के कारण इंदौर में 25 से 30 तारीख तक लगने वाले आगामी शिविर को पूर्णतः निरस्त कर दिया गया है। वैद्य की ओर से इंदौरवासियों से अपील की गई है कि गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीज मात्र 60 किलोमीटर दूर उज्जैन के इसी शिविर में आकर अपना इलाज कराएं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

### नाड़ी देखकर एक ही छत के नीचे संपूर्ण समाधान

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर और पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा कर रहे संतोष आनंद जायसवाल की सबसे बड़ी विशेषता उनका नाड़ी ज्ञान है।

## खबर एक नजर...

### रासेयो शिविर आयोजित

महिदपुरा। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम नारायणा धाम में आयोजित किया गया। दिनांक 14 फरवरी को प्राचार्य डॉ आशा सक्सेना की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र का आरंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ शेखर मेदमवार एवं शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के वाणिज्य विषय के पूर्व प्राध्यापक डॉ पीएस पटेल रहे । उद्घाटन सत्र के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डा घनश्याम सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने श्रमदान किया। इसी क्रम में प्रतिदिन स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। बौद्धिक सत्रों में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा प्रतिदिन शिविर की मुख्य थीम यूथ फॉर माय भारत-यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी पर केंद्रित व्याख्यान हुए। समापन सत्र दिनांक 20 फरवरी को आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ व्हाय. के. मुखिया एवं महाविद्यालय की ही गणित विषय की सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ सुमन जैन रहीं। अतिथि द्वय ने रासेयो शिविर की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। समापन सत्र का संचालन डॉ जाकिरउद्दीन अहिंगर ने किया और आभार डॉ नैना तिवारी ने माना। समापन सत्र में महाविद्यालयीन स्टॉफ के साथ रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### पहली बार राष्ट्रीय चुनाव की तर्ज पर हुआ फूलमाली समाज अध्यक्ष का चुनाव

खिलचीपुर। नगर खिलचीपुर में फूलमाली समाज का इस बार अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वसम्मति से नहीं, बल्कि पहली बार राष्ट्रीय चुनाव की तर्ज पर कराया गया। बस स्टैंड के पास स्थित फूल माली समाज मंदिर भगवान रघुनाथ जी महाराज मंदिर को अस्थायी मतदान केंद्र बनाया गया , जहां रविवार को सुबह 10 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई जो दोपहर 2 बजे तक मतदान प्रक्रिया चली । मतदान को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिला जहां मंदिर परिसर के बाहर सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगी रही । बुजुर्ग, युवा अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। अनुशासन बनाए रखने के लिए 100 मीटर की परिधि में भीड़ एकत्रित होने पर रोक लगाई गई। साथ ही मतदाताओं को 'नोटा' का विकल्प भी दिया गया , जिससे चुनाव प्रक्रिया और अधिक लोकतांत्रिक बन गई है। समाज के 241 परिवारों को मतदान का अधिकार दिया गया । जिसमें शानू मालाकार 64 , नरेंद्र (निर्मल) मालाकार 52 एवं मनोज मालाकार को 120 मत प्राप्त कर फूलमाली समाज अध्यक्ष बने। वहीं समाज जनों एवं वरिष्ठ जनों ने ओर इष्ट मित्रों बंधुओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कागजों में सिमटा 'स्वच्छ भारत अभियान

खिलचीपुर। केंद्र और राज्य सरकार जहां एक ओर 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत नगरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ों रुपये का बजट पानी की तरह बहा रही है, वहीं खिलचीपुर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण इस अभियान की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। नगर परिषद की सुस्त कार्यप्रणाली अब आम जनमानस के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। नगर के वार्ड नंबर 10 मालवीय गली एवं 12 नंबर में जोगी गलीमें इन दिनों हालात बदतर हैं। नालियां पूरी तरह चौक होने के कारण गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर बह रहा है। इसी मार्ग से होकर नन्हे स्कूली बच्चे और आम नागरिक गुजरते हैं, जिन्हें इस गंदगी के बीच से होकर निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों में परिषद के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है। वार्ड वासियों का आरोप है कि नालियों का निर्माण सही ढलान (स्लोप) के साथ नहीं किया गया है, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। रही-सही कसर सफाई की कमी पूरी कर देती है। पर्याप्त सफाई न होने से नालियां अक्सर जाम हो जाती हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वार्ड में स्वच्छता को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है

# पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही, जिले से टीम गठित कर दी दबिश

ब्रह्मास्त्र ›› ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब एवं जुए पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिले से विशेष टीम गठित कर ग्राम हुलखेड़ी में दबिश दी गई। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हुलखेड़ी में कुछ व्यक्ति अपने घरों एवं दुकानों में अवैध शराब रखकर विक्रय कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तथा जिला स्तर से पुलिस टीम गठित कर 5 अलग-अलग टीमों द्वारा समन्वित रूप से दबिश कार्यवाही की गई।



दबिश के दौरान कुल 733 लीटर अवैध शराब जप्त की गई, जिसमें 533 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब और 200 लीटर कच्ची शराब कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 7 हजार रु है। आरोपी राजन पिता इन्द्रसिंह सिसोदिया 28 वर्ष, सुमित पिता शिवनारायण सिसोदिया, 24 वर्ष अजय पिता धनसिंह सिसोदिया 28 वर्ष, विक्की पिता इन्दर सिंह सिसोदिया 20 वर्ष, विधि विरूद्ध बालक, निवासी ग्राम हुलखेड़ी को गिरफ्तार किया वही आरोपी अमृतलाल पिता चुन्नूलाल मोंगिया, अभिषेक पिता लाखन सिंह सिसोदिया 28 वर्ष, सुग्रीव पिता गणेशराम सिसोदिया, ऋषि पिता दुर्गा सिंह सिसोदिया 20 वर्ष, ऋतिक पिता निर्भय सिंह सिसोदिया 24 वर्ष, अन्नू उर्फ अनुराग पिता रामभरोसे सिसोदिया, नीलेश पिता अभय उर्फ निर्भय पिता प्रयाग सिंह सांसी, शाहिल पिता भूरालाल सांसी, दिनेश पिता अनार सिंह मोंगिया, निवासी ग्राम हुलखेड़ी फरार है आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कुल 10 प्रकरण व धारा 34 आबकारी अधिनियम के 5 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। फरार आरोपियों की तलाश हेतु टीम गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। राजगढ़ पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है ।

### आरएसएस ने किया खंड की प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सारंगपुर द्वारा खंड की प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजग; विभाग के माननीय संघचालक उदयसिंह चौहान एवं तहसील खंड चालक राधेश्याम शर्मा द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की भूमिका जिला बौद्धिक प्रमुख सुशील व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई एवं उदय सिंह चौहान ने सभी प्रमुख जनों से संवाद कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उद्देश्य और शताब्दी वर्ष में संघ के पांच परिवर्तन पर अपनी चर्चा कर सभी से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अपने राष्ट्र के उत्थान में कार्य करना है। हमारे देश ने सदियों से विश्व का मार्गदर्शन किया है। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक, शिक्षाचार, स्वदेशी पर अपने विचार रखकर समाज जीवन में करणीय कार्यों पर संवाद किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संघ, पेंशन संघ, शिक्षक संघ, मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित है।

## परेशान गणेशदेवली रहवासीगण ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ›› खाचरौद

नगर के मध्य स्थल के गणेशदेवली मार्ग के रहवासी एंव दुकानदार हमेशा बारीश के पानी से नुक्सान होता आ रहा है। गणेशदेवली रहवासीगण द्वारा विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान को स्थानीय सर्किट हाउस पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा गया।



जिसमें मध्य स्थल पर नाला है जिस पर अतिक्रमण अवैध होनेसे वह नाला 8 फीट का हो गया जबकि 60 से 70 फिट का नाला था जहॉ से बरसात का पानी आसानी से निकल जाता था। अब वर्तमान से बरसात के पानी का निकास पर्याप्त नही होने से पानी अपना रास्ता बदलकर लक्ष्मीबाई मार्ग होता हुआ गणेशदेवली की ओर पानी का थोप लग रहा है और दुकानदार व रहवासी के घरों में हमेशा गंदा पानी से लाखों का नुक्सान हो रहा है। विधायक चौहान द्वारा नाले पर अवैध अतिक्रमण को हटानें का आश्वासन दिया गया और रहवासियों को कहा कि वषार्काल के पहले जो रास्ता होगा उसका परिपालन कर बरसात के पानी से होने वाले नुक्सान को रोका जायेगा। जल्दी ही टेक्नीकल इंजिनियर को बुलाकर समस्या का समाधान किया जायेगा। रहवासीगणो द्वारा बताया गया कि गणेशदेवली पर रोड की उचॉई ज्यादा होने से हमेशा बरसात के पानी का थौप लगा रहता है तथा नाले पर अवैध अतिक्रमण को शीघ्र हटाकर बरसात के पानी का निकास की मांग की गई।

### शिवाजी जयंती पर निकली भव्य शौर्य यात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास में शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रविवार देर शाम शौर्य यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मराठा समाज सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। यह शौर्य यात्रा स्थानीय सयाजीद्वार से शुरू हुई और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भोपाल चौराहे पर पहुंची। भोपाल चौराहे पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद यात्रा का समापन हुआ।

## देवास में 2 बाइक चोर गिरफ्तार: 3.5 लाख रुपये कीमत की 4 मोटर साइकिलें बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर आखिरकार पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। देवास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपये कीमत की चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बाइक चोर गिरोह पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।



मामले की शुरूआत 20 फरवरी 2026 को हुई, जब फरियादी कुलदीप लोधी ने नेवरी गांव स्थित अपनी दुकान के सामने खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना हाटपीपल्या में दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर थाना प्रभारी दीपक सिंह यादव और चौकी प्रभारी हर्ष चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। टीमों ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्य जुटाए, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाले। संदिग्धों की पहचान के बाद फुटेज को सोशल मीडिया पर भी साझा किया गया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम शिवपुर मुंडला स्थित साईं कृपा ढाबे के पास से राहुल (28) और सुनील (34), दोनों निवासी ग्राम सुरजाना, थाना पीपलरांवा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली।

### अन्य वारदातों का भी खुलासा हुआ

आरोपी सुनील ने अमरपुरा, भूतिया और आष्टा क्षेत्र से तीन अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 138 स्थित वार्ड न. 53 आंनद नगर मालनवासा उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 62.65 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - भवन देवनारायण, पश्चिम में - भवन के.सी. अकोदीया, उत्तर में- गली सरकारी एवं दक्षिण में- रोड़ स्थित हैं। उक्त संपत्ति बगदीराम पिता तुलजीराम एवं अशोक पिता बगदीराम ने इसके पूर्वस्वामी गोपालदास पिता कन्हैयालाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 4161 दिनांक 27/12/2005 के माध्यम से क्रय कि। बगदीराम का स्वर्गवास दिनांक 27/11/2018 को हो जाने के पश्चात अशोक ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022020A1478419 दिनांक 18/08/2020 को मनोज धवन पिता हजारीलाल को विक्रय कि । एवं मनोज धवन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**





# 215 करोड़
## नेटफ्लिक्स ऑफर को वायआरएफ ने ठुकराया

आलिया और शरवरी की अल्फा सिनेमाघरों में ही होगी रिलीज




बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की बहुप्रतीक्षित फिल्म अल्फा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यशराज फिल्म्स ने फिल्म के लिए नेटफ्लिक्स की ओर से मिले 215 करोड़ रुपये के डायरेक्ट ओटीटी रिलीज ऑफर को ठुकरा दिया है। प्रोडक्शन हाउस ने साफ कर दिया है कि अल्फा सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी और इसे कंपनी की टेंटपोल मूवी माना जा रहा है।

स्पाई थ्रिलर जॉनर की यह फिल्म 2024 में घोषित की गई थी और घोषणा के साथ ही इसने दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी थी। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी के साथ अनील कपूर और बॉबी देओल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शुरूआत में फिल्म को 25 दिसंबर 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसकी नई रिलीज डेट 17 अप्रैल 2026 घोषित की गई। बीते कुछ समय से यशराज फिल्म्स की फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को लेकर चर्चाएं तेज थीं। इसी बीच खबरें आईं कि अल्फा को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। कहा गया कि नेटफ्लिक्स ने फिल्म के डिजिटल प्रीमियर के लिए 215 करोड़ रुपये का बड़ा ऑफर दिया था। हालांकि, अब स्पष्ट हो गया है कि प्रोडक्शन हाउस ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यशराज फिल्म्स के प्रवक्ता ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि अल्फा को थिएटर में ही रिलीज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि डायरेक्ट ओटीटी रिलीज की अफवाहें एक महिला-प्रधान फिल्म को गलत तरीके से प्रस्तुत करने की कोशिश लगती हैं। प्रवक्ता ने दोहराया कि यशराज फिल्म्स अपनी थिएट्रिकल लाइनअप की फिल्मों को सीधे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं करता और बड़े पर्दे के लिए सिनेमा अनुभव तैयार करने में गर्व महसूस करता है।

बयान में अल्फा को कंपनी के लिए एक टेंटपोल फिल्म बताया गया है। फिल्म को लेकर कहा गया कि यह कुछ बेहद खास और बड़े स्तर पर तैयार करने की कोशिश है। आलिया भट्ट जैसे देश की प्रमुख अभिनेत्रियों में से एक को लीड में रखते हुए और शरवरी जैसी उभरती प्रतिभा को साथ लेकर फिल्म को एक बड़े एक्शन स्पेक्टेकल के रूप में तैयार किया गया है। यशराज फिल्म्स ने यह उम्मीद भी जताई कि दर्शक अल्फा को उसी तरह प्यार देंगे जैसा वे अन्य एक्शन फिल्मों को देते आए हैं। फिल्म को हाई-ऑक्टेन एक्शन और मजबूत महिला किरदारों के साथ पेश किया जा रहा है, जो हिंदी सिनेमा में महिला-नेतृत्व वाली स्पाई थ्रिलर के रूप में एक अलग पहचान बनाने की कोशिश है। फिलहाल, फिल्म की रिलीज डेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है और अल्फा 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए निर्धारित है। यशराज फिल्म्स के इस फैसले को इंडस्ट्री में बड़े संदेश के तौर पर देखा जा रहा है कि स्टूडियो अभी भी बड़े बजट की फिल्मों को थिएटर में रिलीज करने की रणनीति पर कायम है, भले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से आकर्षक ऑफर क्यों न मिलें।



## देवरकोंडा और मंदाना की शाही शादी की शुरूआत भव्य डिनर से

दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने अपनी शादी के जश्न की औपचारिक शुरूआत राजस्थान के उदयपुर में एक भव्य प्री-वेडिंग डिनर के साथ कर दी है। 26 फरवरी को होने वाली उनकी शादी से पहले सोमवार शाम करीबी परिवार और दोस्तों के लिए आयोजित इस खास दावत ने शाही अंदाज में उत्सव का आगाज किया। दोनों कलाकार सोमवार सुबह अलग-अलग उदयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्हें स्टाइलिश सूट में ट्विनिंग करते हुए देखा गया। सूत्रों के मुताबिक, शादी समारोह शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों के बीच स्थित मेमेन्टोस बाय आईटीसी होटल में आयोजित किया जाएगा। इस लग्जरी प्रॉपर्टी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि समारोह की कोई भी तस्वीर या जानकारी लीक न हो सके।

बताया जा रहा है कि सोमवार रात आयोजित प्री-वेडिंग डिनर के लिए होटल के शीर्ष इन-हाउस शेफ्स ने मिलकर एक विशेष बेस्पोक मेन्यू तैयार किया। इस मेन्यू में विजय और रश्मिका के पसंदीदा व्यंजनों को खास अंदाज में पेश किया गया। दावत में दक्षिण भारतीय व्यंजनों से लेकर राजस्थानी पारंपरिक पकवानों तक का शानदार संगम देखने को मिला। सूत्रों के अनुसार, मेन्यू में हैदराबादी बिरयानी, गुंटूर स्टाइल स्पाइसी चिकन, मैंगलोरियन फिश करी जैसे दक्षिण भारतीय स्वाद शामिल थे, वहीं दाल बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी और केर-सांगरी जैसे राजस्थानी व्यंजन भी परोसे गए। इसके अलावा लाइव काउंटर पर इटालियन और कॉन्टिनेंटल डिशेज की भी व्यवस्था की गई थी। मिठाइयों में केसरिया फिरनी, मैसूर पाक और खास वेडिंग थीम डेजर्ट प्लेटर मेहमानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे।

### तापसी पन्नू ने खत्म किया कंगना से झगड़ा, बी-ग्रेड और सस्ती कॉपी कहा गया

# अब बोलीं- मेरी तरफ से कोई लड़ाई नहीं, वो मेरी सीनियर



तापसी पन्नू ने हाल ही में कंगना रनोट से हुए झगड़े पर बात की है। एक समय में कंगना की बहन रंगोली चंदेल ने तापसी पन्नू को कंगना की सस्ती कॉपी कहा था। जिसके जवाब में तापसी ने कहा था कि कंगना एक अच्छी एक्ट्रेस हैं और उनकी कॉपी होना भी अच्छी बात है। दोनों का झगड़ा तब काफी सुर्खियों में रहा था, हालांकि अब तापसी का कहना है कि उन्हें कंगना से दोस्ती करने में ऐतराज नहीं है, ये झगड़ा कभी उनकी तरफ से नहीं था। एक्ट्रेस ने ये भी कहा है कि उनके झगड़े से कुछ लोगों को फायदा पहुंचा है।

तापसी पन्नू से हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में पूछा गया था कि क्या उनके और झगड़े से नेपोकिड्स को फायदा पहुंचा। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा है, मुझे उनके बारे में तो नहीं पता, लेकिन किसी न किसी को कुछ न कुछ फायदा तो हुआ होगा। मेरी तरफ से कोई लड़ाई है नहीं। पर मुझे ये जरूर लगता है कि किसी ने कुछ जरूर जाकर वहां कुछ बोल दिया है, जो नहीं चाहता कि हम साथ आएं। क्योंकि अगर हम साथ आए तो उन्हें पता है कि बहुत जबरदस्त कुछ हो।

पॉडकास्ट में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या अगर उनकी कंगना से दोस्ती करवाई जाए तो वो करेंगे। जवाब में तापसी ने कहा- मैंने तो हमेशा कहा है कि अगर वो आसपास मिलेंगी तो मैं जरूर जाकर बात करूंगी। टेक्निकली वो मेरी सीनियर हैं। मैं क्यों उनके पास जाकर हाय-हैलो क्यों नहीं करूं। उनका क्या जवाब होगा उसकी गारंटी मेरी नहीं है। अपने बिहेवियर की गारंटी मैं ले सकती हूं।

### कंगना के आरोपों पर चुप नहीं रहीं तापसी

इसके बाद हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में तापसी ने कहा था- यह देखकर दुख होता है कि कोई उस इंडस्ट्री में बाहरी लोगों का मजाक उड़ा रहा है, जिसने हमें बहुत कुछ दिया है। हां मुझे भी फिल्मों से निकाला गया और स्टार किड्स से रिप्लेस किया गया। लेकिन कंगना और उनकी बहन का मेरी कड़ी मेहनत को क्रेडिट न देना और मेरा नाम घसीटना भी उसी लेवल का हैरेसमेंट है। यह सब इसलिए, क्योंकि मैंने उनके सुर में सुर मिलाने से इनकार कर दिया।' 'क्योंकि मैंने आउटसाइडर्स के लिए झंडा उठाने वाली बनने से इनकार कर दिया। क्योंकि हम सभी उतने कड़वे नहीं हैं। क्योंकि मैंने किसी (सुशांत) की मौत का फायदा निजी बदले के लिए उठाने से इनकार कर दिया और मैंने उस इंडस्ट्री का मजाक बनाने से इनकार कर दिया, जिसने हमें रोटी और पहचान दी।' इसके बाद से ही कंगना और तापसी एक-दूसरे पर कई बयान देती नजर आई थीं। इस समय अनुराग कश्यप ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने कंगना और तापसी की सुलह करवाने की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी।

### कैसे शुरू हुआ था तापसी-कंगना का झगड़ा?

फिल्म मनमर्जियां के प्रमोशन के दौरान तापसी पन्नू से एक इंटरव्यू में पूछा गया था कि कंगना रनोट को किस प्रोडक्ट की जरुरत है। जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, 'डबल फिल्टर'। तापसी के बयान से कंगना और उनकी बहन काफी नाराज हुईं। कंगना की बहन रंगोली ने तब इसका जवाब देते हुए लिखा था, 'कुछ लोग कंगना को कॉपी करके ही अपनी दुकान चलाते हैं। पिछली बार मैंने तापसी जी को ये कहते हुए सुना कि कंगना को डबल फिल्टर की जरूरत है और तापसी जी आपको सस्ती कॉपी बनने से रुकने की जरूरत है।'

### कंगना ने तापसी को बताया बी-ग्रेड एक्ट्रेस

इसके बाद कंगना ने रिपब्लिक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में तापसी और स्वरा भास्कर को बी-ग्रेड एक्टर बताया। साथ ही कहा था कि उन्हें (मूवी माफिया) कल तापसी पन्नू और स्वरा भास्कर जैसी 20 और जरूरतमंद आउटसाइडर्स मिल जाएंगी, जो कहेंगी सिर्फ कंगना को नेपोटिज्म से दिक्कत है। लेकिन हम करण जौहर से प्यार करते हैं।



# धोनी सीएसके के लिए कुछ मैच खेलेंगे

## रिपोर्ट में दावा- आईपीएल के सभी मैच खेलेंगे या नहीं, टूर्नामेंट के समय तय किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 के सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी इस साल जुलाई में 45 साल के हो जाएंगे। सीएसके के मैनेजमेंट ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे कुछ मैचों से ब्रेक ले सकते हैं।

सीएसके के एक टॉप सोर्स के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया, 'हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि धोनी चेन्नई आ रहे हैं और उन्होंने इस सीजन के लिए अपनी उपलब्धता स्पष्ट कर दी है। वे सभी मैच खेलेंगे या नहीं, यह फिलहाल कहना मुश्किल है।'

**संजू सैमसन के आने से विकेटकीपिंग का विकल्प खुला-** इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के स्क्वाड में संजू सैमसन की एंट्री हुई है। सैमसन के आने से टीम के पास विकेटकीपिंग के मजबूत विकल्प मौजूद हैं। मैनेजमेंट की योजना है कि जिन मैचों में धोनी को आराम दिया जाएगा, वहां सैमसन ग्लव्ज संभालेंगे।

धोनी पिछले कुछ समय से घुटने और पीठ की समस्या से जूझते रहे हैं। ऐसे में 45 की उम्र में हर मैच में विकेटकीपिंग करना उनके शरीर के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। संजू के अलावा टीम में टीम में उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा विकेटकीपर के तौर पर शामिल है। कार्तिक को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें शिवम दुबे के साथ फिनिशर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

**इम्पैक्ट प्लेयर रूल का मिल सकता है फायदा-** पिछले सीजन की तरह इस बार भी धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नजर आ सकते हैं। वे निचले क्रम में आकर फिनिशर की भूमिका निभाते रहे हैं। फिट रहने के लिए उन्होंने अपनी बैटिंग को कुछ खास ओवरों तक ही सीमित रखा है। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि धोनी मैदान पर रहें, भले ही वे सिर्फ आखिरी के कुछ ओवरों में बैटिंग करें या मेंटर की तरह टीम को गाइड करें।

**चेपॉक के हर होम गेम में दिखने की उम्मीद-** धोनी का चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और वहां के फैंस के साथ एक इमोशनल रिश्ता है। सूत्रों का कहना है कि धोनी कोशिश करेंगे कि वे चेन्नई में होने वाले सभी होम मैच जरूर खेलें। फैंस के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी वैसी ही है और उनके मैदान पर कदम रखते ही पूरा स्टेडियम धोनी-धोनी के नारों से गूंज उठता है। टीम में उर्वील पटेल और कार्तिक शर्मा जैसे युवा विकेटकीपर भी शामिल हैं, जो बैकअप के तौर पर तैयार रहेंगे।

पिछले आईपीएल सीजन में जब उनके पेरेंट्स स्टेडियम में मैच देखने पहुंचे तो उनके संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी। पेरेंट्स के साथ उनकी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी थी। मैच के बाद सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि धोनी के संन्यास के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। धोनी के पेरेंट्स 20 साल बाद उनका कोई मैच देखने पहुंचे थे।

धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। इस दौरान भी उनके पिता पान सिंह और मां देवकी देवी कभी भी उन्हें देखने के लिए दुनिया के किसी भी स्टेडियम में नहीं पहुंचे।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम

आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वह अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। उन्होंने 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए है। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाया। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 158 कैच भी लपके हैं।

### आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 226 मैचों में कप्तानी की है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। उसी फाइनल में उन्होंने आखिरी बार कप्तानी भी की थी। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 133 मैचों में जीत दिला चुके हैं। जबकि 91 में टीम को हार मिली।

## हार्दिक ने एक्स-वाइफ और बेटे को गिफ्ट की लग्जरी कार



### नताशा और अगस्त्य डिफेंडर की डिलीवरी लेते दिखे, कीमत लगभग 4 करोड़ रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या ने अपनी एक्स-वाइफ नताशा स्टेनकोविक और बेटे अगस्त्य पंड्या को एक लग्जरी कार गिफ्ट की है। कार डिलीवरी के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। हार्दिक ने बेटे को लैंड रोवर डिफेंडर गिफ्ट की है, जिसकी कीमत लगभग 4 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

दरअसल, लैंड रोवर मुंबई के इंस्टाग्राम पेज पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, हार्दिक पंड्या ने एक बार फिर अपनी डिफेंडर खरीदने के लिए नवनीत मोटर्स को चुना। भरोसे पर बना रिश्ता। उत्कृष्टता पर टिका फैसला। मुंबई में डिलीवर, लैंड रोवर डिफेंडर। अगस्त्य पंड्या और स्टेनकोविक को प्रेजेंट। दमदार परफॉर्मेंस के लिए तैयार। आगे बढ़कर नेतृत्व करने वालों के लिए बनाई गई। बता दें कि हार्दिक ने मई 2020 में नताशा स्टेनकोविक से शादी की थी। उसी साल नताशा ने बेटे अगस्त्य को 30 जुलाई 2020 को जन्म दिया। साल 2024 में दोनों अलग हो गए। हार्दिक इन दिनों माहिका शर्मा को डेट कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने माहिका के नाम के पहले अक्षर का टैटू भी बनवाया है। करियर की बात करें तो हार्दिक फिलहाल टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में हार्दिक गेंद और बल्ले दोनों से योगदान दे रहे हैं। नामीबिया के खिलाफ उन्होंने 52 रन की पारी खेली थी और अब तक 5 विकेट ले चुके हैं।

## भारत ने विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया-ए ने विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को बैंकॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 46 रन से हराया।

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 134 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.1 ओवर में 88 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए तेजल हसबनीस ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 34 बॉल पर नाबाद 51 रन बनाए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत लगातार दूसरी बार विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2023 में बांग्लादेश को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट का पहला एडिशन हॉन्गकॉन्ग में खेला गया था। फाइनल में भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 127 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में सिर्फ 96 रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 44 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे।




**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

बंगलूरू में खुला

# एशिया का दूसरा सबसे बड़ा दफ्तर



## 7000 को रोजगार, 35 अरब डॉलर के निवेश की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेजन ने बंगलूरू में 11 लाख वर्ग फुट का एशिया का दूसरा सबसे बड़ा कॉर्पोरेट ऑफिस खोला है। भारत की 'सिलिकॉन वैली' कहे जाने वाले बंगलूरू में ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने अपने नए और अत्याधुनिक कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन किया है। यह एशिया में कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय है। इस रणनीतिक कदम को भारत के तकनीकी और ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़े बूस्टर के रूप में देखा जा रहा है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ हजारों नई नौकरियां पैदा करेगा।

**नया कैंपस और रोजगार के अवसर-** कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने सोमवार को येलहंका के पास 11 लाख वर्ग फुट में फैले इस नए कार्यालय का उद्घाटन किया। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से करीब 15 किलोमीटर दूर पांच एकड़ में बना यह 12 मंजिला कैंपस 7,000 से अधिक कर्मचारियों को अपनी सेवाएं देने में सक्षम बनाएगा। यहां मुख्य रूप से ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज से जुड़े कामकाज संचालित होंगे।

**भारत में 35 अरब डॉलर का निवेश -** मंत्री पाटिल ने बताया कि यह राज्य में अमेजन का 10वां कॉर्पोरेट कार्यालय है, जो कंपनी के कर्नाटक के साथ दो दशक पुराने संबंधों को और मजबूत करता है। अमेजन ने अगले चार वर्षों में भारत में 35 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है।

लिंक्डइन पर ट्रेंड कर रहा इंडिया एआई समिट

# टेक जगत में भारत की एआई ताकत और एयरटेल के एंटी-फ्रॉड सिस्टम की गूंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर इन दिनों इंडिया एआई समिट जोरदार तरीके से ट्रेंड कर रहा है। टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े हजारों प्रोफेशनल्स, डेटा साइंटिस्ट्स, स्टार्टअप फाउंडर्स और कॉर्पोरेट लीडर्स इस समिट से जुड़े पोस्ट, इनसाइट्स और अनुभव साझा कर रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ती चर्चा ने यह साफ संकेत दिया है कि भारत की एआई क्षमताएं अब केवल प्रयोगशालाओं या कॉन्फ्रेंस हॉल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उद्योग और समाज के केंद्र में आ चुकी हैं।

लिंक्डइन पर साझा किए जा रहे विचारों में भारत के तेजी से उभरते एआई इकोसिस्टम की विशेष रूप से चर्चा हो रही है। प्रतिभागियों ने लिखा कि भारत के पास विशाल डेटा संसाधन, मजबूत आईटी बुनियाद और युवा प्रतिभा की बड़ी ताकत है, जो देश को वैश्विक एआई परिदृश्य में अग्रणी बनाने की क्षमता रखती है। कई पोस्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि भारतीय स्टार्टअप्स हेल्थकेयर, फिनटेक, एग्रीटेक, एजुकेशन और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान तैयार कर रहे हैं, जो न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

समिट के दौरान जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन और डेटा प्राइवेसी जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। लिंक्डइन पर ट्रेंड कर रहे हैशटैग में एआई स्किल्स, अपस्किलिंग और फ्यूचर ऑफ वर्क जैसे विषय प्रमुख रहे। टेक प्रोफेशनल्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एआई अब वैकल्पिक स्किल नहीं, बल्कि अनिवार्य क्षमता बनती जा रही है। कई कंपनियां एआई आधारित टूल्स को अपने संचालन में शामिल कर रही हैं, जिससे कार्यकुशलता और निर्णय क्षमता में तेजी आई है।



इस बीच टेलीकॉम सेक्टर से जुड़ी एक बड़ी घोषणा ने ऑनलाइन चर्चा को और तेज कर दिया। एयरटेल द्वारा पेश किए गए नए एंटी-फ्रॉड एआई सिस्टम को लेकर लिंक्डइन पर व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली। कंपनी के अनुसार यह सिस्टम रियल-टाइम एनालिटिक्स की मदद से संदिग्ध कॉल्स और नेटवर्क गतिविधियों की पहचान करता है। साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस पहल को टेक समुदाय ने एक अहम कदम बताया है। कई यूजर्स ने इसे डिजिटल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करार दिया। डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार के साथ साइबर फ्रॉड की घटनाओं में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनी हुई है। ऐसे में एआई आधारित सुरक्षा समाधान उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा कवच साबित हो सकते हैं। लिंक्डइन पर विशेषज्ञों ने लिखा कि यदि टेलीकॉम और फिनटेक कंपनियां एआई को रणनीतिक रूप से अपनाएं तो बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। एयरटेल के इस कदम को उद्योग में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। समिट से जुड़े पोस्ट में यह भी रेखांकित किया गया कि भारत में एआई निवेश का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। वेंचर कैपिटल फंड्स और ग्लोबल टेक कंपनियां भारतीय एआई स्टार्टअप्स में रुचि दिखा रही हैं। कई वक्ताओं ने यह भी कहा कि सरकारी पहलों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने एआई नवाचार को गति दी है। हालांकि, इसके साथ जिम्मेदार एआई और डेटा सुरक्षा के मुद्दों पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

लिंक्डइन पर ट्रेंडिंग चर्चाओं में एआई के नैतिक पहलुओं को लेकर भी गंभीर विचार-विमर्श देखने को मिला। प्रोफेशनल्स ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और गोपनीयता को सुनिश्चित किए बिना एआई का व्यापक उपयोग जोखिम भरा हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से

# अवैध घोषित किए गए टैरिफ वसूलना बंद कर देगा अमेरिका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार से टैरिफ वसूलना बंद करने की बात कही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी ने बताया है कि वह मंगलवार को पूर्वी मानक समय के अनुसार रात 12:01 बजे (0501 जीएमटी) से अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लगाए गए शुल्कों की वसूली रोक देगी, अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इन शुल्कों को अवैध घोषित किए जाने के तीन दिन से अधिक समय बाद यह खबर सामने आई है।

एजेंसी ने अपने कार्गो सिस्टम मैसेजिंग सर्विस (सीएसएमएस) पर शिपर्स को एक संदेश में कहा कि वह मंगलवार से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पूर्व आईईईपीए-संबंधित आदेशों से जुड़े सभी टैरिफ कोड को निष्क्रिय कर देगी। आईईईपीए के तहत टैरिफ वसूली पर रोक, ट्रंप द्वारा शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए टैरिफ के स्थान पर एक अलग कानूनी अधिकार के तहत 15% का नया वैश्विक टैरिफ लगाने के साथ मेल खाती है। सीबीपी ने इस बात का कोई कारण नहीं बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कई दिनों बाद भी वह प्रवेश बंदरगाहों पर शुल्क क्यों वसूलना जारी रखे हुए है, और उसके संदेश में आयातकों के लिए संभावित धनवापसी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। संदेश में कहा गया है कि वसूली पर रोक से ट्रंप द्वारा लगाए गए किसी अन्य टैरिफ पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जिसमें धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और धारा 301 अनुचित व्यापार व्यवहार कानून के तहत लगाए गए टैरिफ शामिल हैं।

शेयर 20 प्रतिशत टूटा सरकार और आरबीआई ने दिया भरोसा

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ का घोटाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के खुलासे के बाद सोमवार को शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। घोटाले की खबर सामने आते ही बैंक के शेयरों में जबरदस्त बिकवाली शुरू हो गई और शुरुआती कारोबार में ही यह करीब 20 प्रतिशत टूटकर बीएसई पर 66.85 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तेज गिरावट के चलते बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर करीब 61,000 करोड़ रुपये पर आ गया। निवेशकों के बीच घबराहट साफ दिखाई दी, जबकि राज्य सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने सामने आकर भरोसा दिलाने की कोशिश की कि यह कोई सिस्टमेटिक संकट नहीं है।

मामला हरियाणा सरकार के खातों से जुड़ा है, जो चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक शाखा में संचालित हो रहे थे। बैंक ने खुलासा किया है कि इन खातों में कर्मचारियों और बाहरी लोगों की मिलीभगत से अनियमितताएं की गईं, जिनकी कुल राशि लगभग 590 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में 490 करोड़ रुपये की कमी सामने आई थी, लेकिन बाद की आंतरिक समीक्षा में अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये की अनियमितताएं भी सामने आईं।

घोटाले का खुलासा तब हुआ जब हरियाणा सरकार के एक विभाग ने चंडीगढ़ शाखा में अपना खाता बंद कर राशि किसी अन्य बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस प्रक्रिया के दौरान बैंक ने विभाग द्वारा बताए गए बैलेंस और वास्तविक खाते में मौजूद रकम के बीच बड़ा अंतर पाया। इसी अंतर ने पूरे मामले की परतें खोल दीं। इसके बाद बैंक ने विस्तृत आंतरिक जांच शुरू की और नियामक संस्थाओं को इसकी जानकारी दी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि सरकार का पैसा सुरक्षित है और वह निश्चित रूप से वापस आएगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो और राज्य की विजिलेंस टीम को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

- दिल्ली में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है, लेकिन यह कोई व्यापक बैंकिंग तंत्र की विफलता का मामला नहीं है। उनके अनुसार, यह अनियमितता सीमित खातों तक ही सीमित है और इससे देश की बैंकिंग प्रणाली पर कोई प्रणालीगत खतरा नहीं है। फ्इकके इस बयान ने बाजार में कुछ हद तक भरोसा बहाल करने की कोशिश की, हालांकि शेयरों में गिरावट का सिलसिला दिनभर जारी रहा।
- आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ वी। वैद्यनाथन ने निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल में इसे कर्मचारी स्तर पर हुआ फ्रॉड बताया। उन्होंने कहा कि कुछ बैंक कर्मचारियों और बाहरी तत्वों की मिलीभगत से फिजिकल चेक ट्रांजैक्शनों के जरिए यह धोखाधड़ी की गई। बैंक के पास मौजूद डेटा और डिजिटल ट्रेल से बाहरी संस्थाओं की संलिप्तता के संकेत मिले हैं।

श्रम मंत्रालय का फैसला

# जल्द लौटाई जाएगी 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में पड़ी राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

श्रम मंत्रालय ने 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसी 30.52 करोड़ रुपये खाताधारकों या वारिसों को जल्द लौटाने का निर्णय लिया। 31.86 लाख निष्क्रिय खातों को बंद किया जाएगा।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 7.11 लाख निष्क्रिय खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। श्रम मंत्रालय का यह फैसला ऐसे 31.86 लाख खातों को बंद करने की पहल का हिस्सा है, जो मौजूदा समय में निष्क्रिय पड़े हैं। मंत्रालय के मुताबिक इनमें कुछ खाते 20 साल तक पुराने हैं, जिनमें तीन साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ।

मंत्रालय ने बताया कि निष्क्रिय खातों को बंद करने के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अभी ऐसे सात लाख खातों को चुना गया है, जिनमें शून्य से 1,000 रुपये तक राशि जमा है और ये आधार से जुड़े हैं। लिहाजा, ईपीएफओ सीधे उनके खाते में यह पैसे ट्रांसफर कर देगा। इन खातों में 30.52 करोड़ रुपये जमा हैं। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर बाकी खातों में भी इसी तरह से पैसे लौटा दिए जाएंगे।

निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए भविष्य निधि एक अनिवार्य सरकारी योजना है। इसमें प्रत्येक कर्मचारी मूल वेतन का 12 फीसदी हिस्सा डालता है, जबकि नियोक्ता की ओर से भी उतना ही योगदान दिया जाता है।?लेकिन, जब खाते में तीन साल तक कोई लेनदेन नहीं होता तो यह निष्क्रिय खाते में तब्दील हो जाता है।?श्रम मंत्रालय अब ऐसे खातों को अब बंद करने की ओर बढ़ रहा है।

ईपीएफओ में करीब 31.86 लाख निष्क्रिय पीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। सरकार के मुताबिक ईपीएफओ सदस्य अपना पैसा निकालने के लिए अब आसानी से क्लेम कर सकते हैं। लेकिन, यह भी देखने में आया है कि जिन खातों में पैसे कम हैं, वहां सदस्य आने-जाने के झंझट से बचने के लिए उन्हें ऐसे ही छोड़ देते हैं।

# देश की पहली आतंकवाद-विरोधी नीति जारी: केंद्र ने प्रहार नाम दिया

## इसमें कहा- आतंकवादी इंटरनेट के जरिए भर्तियां और जिहाद का महिमामंडन करते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने सोमवार को भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इसका नाम है प्रहार- ढ्फ्ह्ल्अफ आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है।

केंद्र ने पहले पेज पर इंट्रोडक्शन और ढ्फ्ह्-ल्अफ का फुल फॉर्म बताया है। इंट्रोडक्शन में लिखा है- कुछ पड़ोसी देशों ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया है। फिर भी भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, देश या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता।



नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल आपस में संपर्क, संगठन में भर्ती और जिहाद के महिमामंडन के लिए करते हैं। सरकार ने नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता।

सरकार ने प्रहार में कहा है कि भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति में आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है। सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। नीति में कहा गया है कि विदेशों की जमीन से काम करते हुए आतंकियों ने भारत में हिंसा फैलाने की साजिशें रची हैं। उनके संचालक (हैंडलर) ड्रोन समेत नई तकनीकों का इस्तेमाल कर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों और हमलों को अंजाम देने में मदद करते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकी संगठन अब तेजी से संगठित आपराधिक गिरोहों की मदद ले रहे हैं, ताकि लॉजिस्टिक सपोर्ट और भर्ती के जरिए भारत में आतंकी हमले कर सकें।

### आतंकवाद-विरोधी नीति में और क्या लिखा

नीति में सरकार के साथ पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान देने की बात कही गई है।

इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति का मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है।

नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना भी आतंकवाद-विरोधी नीति का हिस्सा है।

नीति में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर की अहम भूमिका है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के तहत काम करने वाली जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (ख्ळ्क्) का भी जिक्र है, जो देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं।

## त्योहारों में हवाई किराया बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब मांगा; सरकार बोली- मामले को हाईलेवल पर देख रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और इमरजेंसी हालातों में प्राइवेट एयरलाइंस के हवाई किराए बढ़ाने को लेकर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर चिंता का विषय है। वरना, हम 32 पिटीशन पर विचार नहीं करते।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री इस मुद्दे पर विचार कर रही है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को विचार करने और जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है।

यह मामला एक जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें प्राइवेट एयरलाइंस के त्योहारों के समय अचानक किराया बढ़ाने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर कंट्रोल के लिए नियम बनाने की मांग की गई है।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने अदालत को बताया कि यह मामला आम जनता के हित से जुड़ा है। सरकार और संबंधित विभाग इसे हाईलेवल पर देख रहे हैं। मामले में अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी।

### याचिका में चेक-इन बैगेज समेत अन्य मुद्दे उठाए गए

एयरलाइंस ने इकोनॉमी क्लास में मुफ्त चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दी है। साथ ही, कई छिपे हुए चार्ज और डायनामिक प्राइसिंग के जरिए यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं।

अभी किसी भी सरकारी संस्था के पास हवाई किराए पर सीधा कंट्रोल या सीमा तय करने का अधिकार नहीं है, जिससे एयरलाइंस मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ा लेती हैं, खासकर त्योहार या इमरजेंसी के समय।

सिविल एविएशन सेक्टर में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, ताकि आम लोगों को मनमानी कीमतों और अतिरिक्त शुल्क से राहत मिल सके।

### 17 नवंबर 2025: कोर्ट ने DGCA-AERA से जवाब मांगा

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, DGCA और एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (अएफ्अ) को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि त्योहारों के समय हवाई किराए में अचानक भारी बढ़ोतरी शोषण जैसा है। याचिका में महाकुंभ, पहलगाम आतंकवादी हमला के बाद किराए में बढ़ोतरी का हवाला दिया गया।

### इंडिगो संकट में एयरलाइंस ने किराया बढ़ाया था

दिसंबर 2025 में इंडिगो संकट के दौरान भी कई प्राइवेट एयरलाइंस के किराए में उछाल देखने को मिला था। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से 10 गुना कीमत तक पर टिकट खरीदने पड़े थे। बुकिंग साइट के अनुसार, 6 दिसंबर 2025 को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपए से ज्यादा था, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हो गया था। इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 दिसंबर को केंद्र सरकार से पूछा था कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें ?4-5 हजार से बढ़कर 30 हजार तक कैसे पहुंच गईं। अगर यह संकट था, तो दूसरी एयरलाइंस को इसका फायदा उठाने की इजाजत कैसे दी गई?

## झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश, 7 की मौत: रांची से दिल्ली जा रहा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। प्लेन में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। रेडबर्ड कंपनी का बीचक्राफ्ट किंग एयर इ90छ एक एयर एंबुलेंस था। फ्लाइट ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7:34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया। प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह (को-पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पारामेडिकल स्टाफ) सवार थे।



रांची के देवकमल हॉस्पिटल के उ्एड, अनंत सिन्हा ने ढ्ळ्क को बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम एक मरीज ने किया था। उन्होंने कहा, श्लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले मरीज संजय कुमार (41) को 16 फरवरी को 65 परसेंट जलने की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। सिन्हा ने आगे कहा कि परिवार वालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने का फैसला किया। मरीज को लगभग 4.30 बजे हॉस्पिटल से दिल्ली के लिए ले जाया गया।

## राहुल गांधी बोले-मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया: आपने देश को बेचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा- मोदी जी एपस्टीन फाइल्स में आपका नाम आया, शर्म आपको आनी चाहिए। आपने अमेरिका से ट्रेड डील करके देश को ट्रंप के हाथों बेच दिया। पूरा देश जानता है, अडानी पर अमेरिका में चल रहे केस ने आपकी रातों की नींद उड़ा रखी है, क्योंकि वो इखढ और आपके फाइनेंशियल आर्किटेक्चर पर केस है। दरअसल, पीएम मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के मेरठ में कहा था कि दिल्ली में आयोजित अकसमिट में कांग्रेसियों को नंगा होने की जरूरत नहीं थी। कांग्रेसी पहले से ही नंगे हैं। 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर अक समिट के दौरान शर्टलेस होकर ढट मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी।

### मोदी ने कहा था- कांग्रेस नंगों की पार्टी

रविवार को मेरठ में रैपिड रेल और मेट्रो के उद्घाटन के दौरान मंच से पीएम ने अक समिट में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के खिलाफ जमकर बोला। पीएम ने कांग्रेस को नंगों की पार्टी कहते हुए सीधे अटैक किया।

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले- मैं भाग नहीं रहा, सामना करूंगा:

# रोती महिला भक्त को समझाया- गुरु गड़बड़ निकल जाए तब रोना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की ऋफ्ज़ होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। प्रयागराज पुलिस की एक टीम ने हरदोई में पीड़ित के परिवार का बयान लिया है। दूसरी टीम सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तार भी कर सकती है।

इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं कहीं भाग नहीं रहा। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे मेरे गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं। जहां भाजपा सरकार नहीं, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए। वहीं, एक महिला सुबह अविमुक्तेश्वरानंद का आशीर्वाद लेने पहुंची। वह शंकराचार्य पर लगे आरोपों से भावुक हो गई और फूट-फूटकर रोने लगी। शंकराचार्य ने उसे समझाया। कहा- रोना तब, जब गुरु गड़बड़ निकले। यूपी कांग्रेस ने मामले में प्रधानमंत्री मोदी को लेटर लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध दर्ज 'पॉक्सो केस' से राजनीतिक प्रतिशोध की बू आती है। यह कार्रवाई तब हुई, जब शंकराचार्य ने कुंभ मेले की अव्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को हुई परेशानियों पर प्रदेश सरकार से सवाल किए थे।

इससे पहले रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची। उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां शंकराचार्य का शिविर लगा था। पुलिस ने शिविर के आने-जाने के रास्तों और आसपास के इलाके का नक्शा तैयार किया। दरअसल, 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। उन्होंने माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद 8 फरवरी को उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में केस दायर किया। 13 फरवरी को 2 बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज किए गए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में ऋफ्ज़ हुई। इसमें अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

वहीं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा, श्शाहजहांपुर से आज मेरे पास एक परिवार आया जिन्होंने बताया कि आशुतोष महाराज नामक व्यक्ति ने उन्हें कहा कि अपनी नाबालिग बच्चियों का नाम लेकर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगा दीजिए। जब उन्होंने मना कर दिया तब धमकी दी गई। इस तरह लोगों को प्रलोभन देकर या धमकाकर हमारे खिलाफ खड़े करने का प्रयास किया जा रहा है।

चंदौली के सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने शंकराचार्य से मुलाकात की है। उन्होंने कहा, जिस सनातन के नाम पर भारतीय जनता पार्टी यहां तक पहुची है, उसी सनातन के जरिए वो उसे नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। देखिए, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तो बोला ही है, लेकिन हम सब जो काशीवासी हैं और इस मठ से जुड़े हुए हैं, इसलिए हम सब श्रद्धापूर्वक जगतगुरु शंकराचार्य जी के समर्थन में खड़े हैं।

### मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मारा:ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू,

# मेक्सिको- गृह युद्ध जैसे हालात, 25 जवानों समेत 32 मौतें: फीफा वर्ल्ड कप सिटी में लॉकडाउन; 20 बैंक फूंके, रॉकेट लॉन्चर और हथियारों का जखीरा जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको

मेक्सिको में सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में कुख्यात ड्रग सरगना नेमेसियो ओसेगेरा सर्वांतेस उर्फ ह्यएल मेंचो मारा गया। इसके बाद 31 में से 13 राज्यों में हिंसा भड़क उठी। कई जगह रोडब्लॉक लगाए गए, गाड़ियों और 20 से अधिक सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई।

जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं जिनमें 25 जवान हैं। ऑपरेशन के दौरान बख्तरबंद गाड़ियों और रॉकेट लॉन्चर सहित भारी हथियार जब्त हुए। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप के मेक्सिको एनालिस्ट डेविड मोरा के मुताबिक, यह कार्रवाई शेनबाम सरकार की कार्टेल के खिलाफ सख्ती और अमेरिका के दबाव दोनों के लिहाज से टर्निंग पॉइंट है। ह्यएल मेंचो के रिश्तेदार कार्टेल की कमान लेते हैं तो हिंसा जारी रह सकती है। विशेषज्ञ 1990 के दशक में कोलंबिया में कार बम, हत्याएं और विमानों पर हमले जैसा इतिहास दोहराने की आशंका जता रहे।

मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया था। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया और गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी।

मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओविदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है।



## मेक्सिको पर एक्शन लेने को दबाव बना रहे थे ट्रम्प

जालिस्को कार्टेल (उखठ्‌ऋ) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमेरिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है।

### मेक्सिको से अमेरिका में होती है ड्रग तस्करी

मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है।

## ट्रम्प भी ड्रग कार्टेल को खत्म करने की धमकी दे चुके

वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने धमकी देते हुए कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का कब्जा है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97% तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबॉम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। द गार्डियन की एक रिपोर्ट के अनुसार मेक्सिको के सबसे बड़े सिनालोआ कार्टेल के पास 600 से ज्यादा विमान और हेलिकॉप्टर हैं। ये संख्या मेक्सिको की सबसे बड़ी एयरलाइंस एयरो मेक्सिको से पांच गुना ज्यादा है। कार्टेल्स अब ड्रोन और आर्मर्ड व्हीकल्स पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। जैसे जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल (उखठ्‌ऋ) के पास मशीन गन, टैंक और बॉडी आर्मर से लैस ग्रुप्स हैं। कुल मिलाकर, कार्टेल्स की प्राइवेट सेना या मेंबर्स की संख्या 2022-2023 में 160,000 से 185,000 अनुमानित थी, जो मेक्सिको में पांचवीं सबसे बड़ी एम्प्लॉयर बनाती है मेक्सिको गृह मंत्रालय की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार कार्टेल के पास एके-47 और एम-80 जैसे असॉल्ट राइफलों का जखीरा है। हर साल सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा ड्रग कार्टेल के कब्जे से 20 हजार से ज्यादा असॉल्ट राइफलों की बरामदगी की जाती है।

## बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप-यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने दो बार उनके विदेश दौरे रद्द कर दिए। एक बार कोसोवो जाने से रोका गया और दूसरी बार कतर के अमीर के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने यह कहकर पत्र भेज दिया कि राष्ट्रपति व्यस्त हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव से कुछ दिन पहले किए गए बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते की जानकारी राष्ट्रपति को देना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन यूनुस ने ऐसा नहीं किया।

# ट्रम्प बोले- मुझे नहीं पता मैं कब तक जिंदा रहूंगा

### बहुत लोगों की गोली के निशाने पर; दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के रिजॉर्ट में घुसा था शख्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि, वह कब तक जिंदा रहेंगे यह उन्हें भी नहीं पता। क्योंकि वे बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हैं।

ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजॉर्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है। दरअसल रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजॉर्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1:30 बजे हुई।

राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।



मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिजॉर्ट के नॉर्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शॉटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शॉटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नॉर्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शॉटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है।

### ट्रम्प को चुनावी रैली में गोली मारी थी

ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था।

## नेपाल- बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत:25 घायल, मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

आर्म्ड पुलिस फोर्स (अढऋ) के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है। मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे। घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है। कुछ का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अधिकांश को आगे के इलाज के लिए काठमांडू रैफर कर दिया गया है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 30 | | 50 | | 20 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 2 | | 2 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 1 | | 20 | | 10 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 14 | | 27 | | 20 | = | 40 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | र | सु | धे | ता | कृ | प | ला | भी | इ |
| न | सुं | क | ज | ई | झे | वे | ह | लि | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ई | टे | बी | क | र | क | से | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | खे | ड | क | र |
| शी | मा | टे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | टे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| टी | दि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | थी | टे |
| खि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | प | मा | ख्य | रा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से इनकार किया: फैसले से ट्रम्प नाराज

**ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए अपने एयरबेस देने से मना कर दिया है। अमेरिका इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने इनकार कर दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के इस फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस समझौते से समर्थन वापस ले लिया है, जिसमें चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने की बात थी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह डिएगो गार्सिया और ब्रिटेन के फ्ञ्अऋफेयरफोर्ड एयरबेस का इस्तेमाल करना चाहता है। डिएगो गार्सिया, चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है। 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है। दरअसल पुराने समझौतों के मुताबिक, ब्रिटेन के किसी भी सैन्य ठिकाने का इस्तेमाल तभी हो सकता है, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री इसकी मंजूरी दें।**

## रिपोर्ट- यूएस एयरबेस से ईरान पर हमला करना चाहता है

### ईरान पर हमले के लिए अहम हो सकता है डिएगो गार्सिया

ईरान पर हमले के लिए डिएगो गार्सिया इसलिए अहम माना जाता है क्योंकि यह हिंद महासागर के बीचों-बीच स्थित एक बड़ा सैन्य ठिकाना है। यहां से अमेरिका दूर तक और तेजी से सैन्य ऑपरेशन चला सकता है। यह ईरान की राजधानी तेहरान से करीब 3,800 किलोमीटर दूर है। इतनी दूरी होने के कारण अमेरिका यहां से बिना सीधे खतरे के दायरे में आए लंबी दूरी के मिशन लॉन्च कर सकता है। इस बेस पर बड़ा एयरफील्ड है, जहां भारी बमवर्षक विमान जैसे इ-2 और इ-52 उड़ान भर सकते हैं। यहां बड़े टैंकर विमान (जैसे ङउ-135) और निगरानी करने वाले विमान भी काम कर सकते हैं। इसका मतलब है कि लंबे समय तक और दूर तक हवाई कार्रवाई संभव है। सिर्फ हवाई सुविधा ही नहीं, यहां गहरे पानी का बंदरगाह भी है। यानी बड़े जहाज और युद्धपोत यहां रुक सकते हैं, ईंधन ले सकते हैं




### मॉरीशस 50 साल से इन आइलैंड्स का अधिकार मांग रहा

मॉरीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतरराष्ट्रीय अदालतों में उठाया। साल 2019 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि 1968 में मॉरीशस को आजादी देते वक्त उपनिवेश खत्म करने की प्रोसेस पूरी नहीं हुई थी और ब्रिटेन को जल्द से जल्द चागोस आइलैंड्स का प्रशासन खत्म करना चाहिए। ऋषि सुनक के लीडरशिप वाली कंजरवेटिव सरकार ने 2022 में ऐलान किया कि ब्रिटेन और मॉरीशस चागोस आइलैंड्स की संप्रभुता को लेकर बातचीत शुरू करेंगे। सरकार ने कहा कि सुरक्षा और कानूनी विवादों से बचने के लिए स्थिति साफ करना जरूरी था, ताकि डिएगो गार्सिया में ब्रिटेन-अमेरिका का मिलिट्री बेस बिना रुकावट चलता रहे। इसी कारण जुलाई 2024 के चुनाव से पहले मॉरीशस से 11 दौर की बातचीत हुई। ब्रिटेन और अमेरिका की दोस्ती बहुत पुरानी है। दूसरे विश्व युद्ध से लेकर ठअळड तक, इराक-अफगानिस्तान युद्ध से लेकर खुफिया नेटवर्क 'फाइव आइज' तक, दोनों देश ज्यादातर मामलों में एक ही लाइन पर चलते रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प बोले- चागोस आइलैंड्स छोड़ना बहुत बड़ी गलती

ट्रम्प ने चागोस आइलैंड्स को लेकर ब्रिटेन की आलोचना की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ सोशल पर गुरुवार को लिखा कि 100 साल की लीज किसी देश के मामले में ठीक फैसला नहीं है। डिएगो गार्सिया जैसा ठिकाना छोड़ना बहुत बड़ी गलती होगी। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान, अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तो अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद डिएगो गार्सिया और फेयरफोर्ड के एयरफील्ड का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। ऐसे में इन ठिकानों का कंट्रोल बेहद जरूरी है। वहीं ब्रिटिश सरकार का कहना है कि मॉरीशस के साथ समझौता सुरक्षा कारणों से जरूरी है। उनका तर्क है कि इससे लंबे और महंगे कानूनी विवाद से बचा जा सकेगा। बताया जा रहा है कि इस पूरे समझौते पर करीब 35 बिलियन पाउंड (4 हजार अरब रुपए से ज्यादा) का खर्च आ सकता है।




### हिंद महासागर में मौजूद है चागोस आइलैंड्स




*नोट- यह मैप प्रतीकात्मक है। सोर्स- गूगल मैप*

डिएगो गार्सिया, हिंद महासागर में स्थित चागोस आइलैंड्स का हिस्सा है। ब्रिटेन ने 1814 में नेपोलियन को हराने के बाद इन आइलैंड्स पर कब्जा किया था। 1965 में इन्हें मॉरीशस से अलग कर ह्यब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र बना दिया गया। 1968 में जब मॉरीशस को आजादी मिली, तब यह तय हुआ था कि जब इन द्वीपों की रक्षा के लिए जरूरत नहीं रहेगी, तो इन्हें मॉरीशस को लौटा दिया जाएगा। बाद में डिएगो गार्सिया पर अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर एक जॉइंट मिलिट्री बेस बनाया था।



■ वर्ष-12 अंक-113 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 24 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्॥

**भावार्थ** : गुरु शिष्य को जो एखाद अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जो देकर गुरु के ऋण में से मुक्त हो सकें।

यः समः सर्वभूतेषु विरागी गतमत्सरः।
जितेन्द्रियः शुचिर्दक्षः सदाचार समन्वितः॥

**भावार्थ** : गुरु सब प्राणियों के प्रति वीतराग और मत्सर से रहित होते हैं। वे जीतेन्द्रिय, पवित्र, दक्ष और सदाचारी होते हैं।

## सामाजिककठोरतायां डिजिटलपारदर्शिते च बलं दत्तम्

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

उपमुख्यमन्त्री जगदीशदेवदा विधानसभायां सूचनां दत्त्वा अवदत् यत् नीतेः उद्देश्यं राजस्वं वर्धयितुं, नकलीकार्यं निवारयितुं, निर्यातस्य प्रवर्धनं च अस्ति। सुरक्षायाः कृते केवलं ई-चालान् अथवा ई-बैङ्क-गारण्टी वैधः भविष्यति, येन धोखाधड़ी-दस्तावेजानां जोखिमः न्यूनीभवति। धार्मिकरूपेण सांस्कृतिकरूपेण च संवेदनशीलक्षेत्रेषु प्रतिबन्धाः स्थापिताः एव सन्ति। नर्मदानद्याः ५ किलोमीर्ट त्रिज्यायाः अन्तः उज्जैन-ओंकारेश्वरादिषु पवित्रनगरेषु च मद्यस्य दुकानानि बन्दाः भविष्यन्ति। तदतिरिक्तं परिसराः (मद्यपानस्थानानि) अपि बन्दाः भविष्यन्ति, येन सार्वजनिकस्थानेषु मद्यपानं अधिकं नियन्त्रितं भविष्यति। सर्वकारेण आरक्षितमूल्ये २० प्रतिशतं वृद्धिः कृता, येन मद्यस्य मूल्येषु औसतवृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### तमिलनाडु-केरलयोः पुनः परम्परा भग्नाः

तमिलनाडु-केरलयोः पुनः परम्परा भग्नाः, राज्यपालैः सह संघर्षः तीव्रः भवति तमिलनाडु-केरल-सभासु सम्बोधनानि न पठितवन्तः राज्यपालाः इति घटनाभिः राज्यसर्वकाराणां राज्यसदनानां च मध्ये वर्धमानं द्वन्द्वं प्रकाशितम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिपरिषदः अनुमोदितं भाषणं पठितुं बाध्यः भवति, न तु स्वस्य व्यक्तिगतं मतं प्रकटयितुं। एषा स्थितिः संघीयव्यवस्थायां संतुलनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं ददाति। केरल मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन भारतीयसंविधानेन राज्यपालपदं गौरवस्य, संतुलनस्य, परम्परायाः च प्रतीकं मन्यते। तस्य कर्तव्यं संविधानस्य पालनम्, मन्त्रिपरिषदः सल्लाहेन कार्यं कर्तुं च। परन्तु तमिलनाडु-केरल-विधानसभासु यत् घटितं तत् राज्यसर्वकाराणां राज्यसदनानां च मध्ये प्रचलति संघषार्णां श्रृङ्खलायां नवीनतमम् अस्ति तथ्यविषये प्रश्नाः। केरलस्य पिनारायी-सर्वकारस्य आरोपः अस्ति यत् राज्यपालः राजेन्द्रविश्वनाथ-अर्लेकरः मन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं सम्बोधनं न पठितवान्। केरलदेशे केन्द्रसर्वकारस्य नीतीनां कारणेन कथं वित्तीयसंकटः अभवत् इति वर्णयन्तः भागाः सः त्यक्तवान् इति कथ्यते। इतरथा तमिलनाडु राज्यपाल आर.एन. रविः विधानसभायाः वार्षिकसत्रस्य आरम्भात् पूर्वं पारम्परिकं उद्घाटनसम्बोधनं न पठितवान्, अशुद्धतथ्यानि उद्धृत्य राष्ट्रगीतस्य अनादरं च।

देशे प्रमुख आतङ्कवादी आक्रमणस्य उच्चसचेतना

# लालदुर्गः, लश्कर-ए-तैबा इत्यनेन लक्षितानां प्रसिद्धानां मन्दिराणां



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतं पुनः आतङ्कयितुं सीमापारात् कुत्सित-षड्यन्त्राणि क्रियन्ते। सुरक्षासंस्थाः राष्ट्रियराजधानीसहितानाम् अनेकानाम् प्रमुखानां धार्मिकनगरानां कृते अतीव गम्भीरं अलर्टं कृतवन्तः। सशक्तगुप्तचरनिवेशाः सूचयन्ति यत् पाकिस्तानस्य आतङ्कवादीसङ्गठनं लश्कर-ए-तैबा प्रमुखं रक्तस्नानस्य योजनां कुर्वन् अस्ति। अस्मिन् समये आतङ्कवादिनः देशस्य ऐतिहासिकधरोहरस्थलानि, प्रमुखाणि हिन्दुपूजास्थानानि च प्रत्यक्षतया लक्ष्यं कुर्वन्ति, येन राष्ट्रियवातावरणं बाधितं भवति।

ऐतिहासिकभवनानि धार्मिकस्थलानि च खतरे गुप्तचरप्रतिवेदनानुसारम् अस्य आतङ्कवादीसङ्गठनस्य प्राथमिकं उद्देश्यं जनसङ्ख्यायुक्तक्षेत्राणि पवित्रधार्मिकस्थलानि च लक्ष्यं कृत्वा देशस्य साम्प्रदायिकसौहार्दं भृशं क्षीणं कर्तुं वर्तते। आतङ्कवादिनः दिल्लीनगरस्य ऐतिहासिकलालदुर्गस्य परितः क्षेत्राणि, सघनजनसंख्यायुक्ते चान्दनीचौकक्षेत्रे मन्दिराणि च तात्कालिकविस्फोटकयन्त्रैः लक्ष्यं कर्तुं प्रयतन्ते। राजधानीयाः अतिरिक्तं उत्तरप्रदेशस्य अयोध्या, वाराणसी, मथुरा इत्यादिषु नगरेषु प्रसिद्धाः प्राचीनाः च मन्दिराः अपि आतङ्कवादिनः हिट् सूचीयां सन्ति इति कथ्यते, येन एतेषु सर्वेषु स्थानेषु सुरक्षा अधिका अभवत्।

इस्लामाबाद विस्फोटस्य प्रतिशोधस्य साजिश भारते आतङ्कप्रसारणस्य एतत् साजिशं प्रतिशोधस्य प्रतिशोधात्मकं कार्यम् इति आश्चर्यजनकं प्रकाशनमपि अलर्टेन प्रकाशितं भवति। पाकिस्तानस्य इस्लामाबादनगरस्य मस्जिदे फरवरीमासे ६ दिनाङ्के प्रबलविस्फोटस्य अनन्तरं लश्कर-ए-तैबा इत्यस्य कार्यकर्तारः आतङ्कस्य स्थितिं प्राप्नुवन्ति इति सूचना अस्ति। एतस्य घटनायाः प्रतिशोधार्थं ते भारतस्य एकस्मिन् प्रमुखे संवेदनशीलक्षेत्रे च बृहत् आतङ्कवादीनां आक्रमणस्य योजनां कुर्वन्ति, यत् सामान्यजनानाम् मध्ये भयस्य वातावरणं निमार्तुं शक्यते।

एजेन्सीः सुरक्षां कठिनं कुर्वन्ति एतत् अत्यन्तं संवेदनशीलं निवेशं प्राप्तस्य तत्क्षणमेव देशे सवेर्षु सुरक्षासंस्थाः उच्चसचेतनायां स्थापिताः सन्ति। राजधानीस्य संवेदनशीलक्षेत्रेषु विशेषतः पुरातनदिल्लीनगरे दिल्लीपुलिसस्य केन्द्रसुरक्षाबलस्य च सतर्कता, गस्ती च बहुधा वर्धिता अस्ति।

मोबाईल-बैटरी-विस्फोटः

## द्वौ भ्रातरौ घातितः, अग्रजः पुत्रः अङ्गुलीः नष्टः, जबलपुरं निर्दिष्टः

ब्रह्मास्त्र ›› रीवा

रीवामण्डलस्य सेमरियापुलिसस्थानक्षेत्रे पुरातनस्य मोबाईलफोनस्य बैटरीविस्फोटेन निदोषौ भ्रातरौ घातितौ, सांसद। तेषां अध्ययनकाले यः विस्फोटः अभवत् सः सम्पूर्णं ग्रामं कम्पितवान्। अग्रजः पुत्रस्य अङ्गुलीः नष्टाः, अतः शल्यक्रियायाः आवश्यकता अभवत्। दुर्घटनासमये तौ भ्रातरौ स्वकक्षे अध्ययनं कुर्वन्तौ आस्ताम्। अग्रजः पुत्रः अङ्गुलीशल्यक्रियायै जबलपुरं प्रेषितः अस्ति।

विस्फोटः एतावत प्रबलः आसीत् यत् समीपस्थाः जनाः अपि भयभीताः अभवन्। अग्रजस्य अङ्गुष्ठस्य चतुरङ्गुलयोः च भृशं क्षतिः अभवत्, कनिष्ठपुत्रः अपि क्षतिग्रस्तः अभवत्। उभौ तत्क्षणमेव चिकित्सालये निक्षिप्तौ।

विस्फोटः आतङ्कं जनयति मझिगवान ग्रामनिवासी विकास कुशवाहा इत्यस्य गृहे अयं दुर्घटना अभवत्। समाचारानुसारं पुरातनं मोबाईलफोनस्य बैटरी निष्कास्य कक्षे स्थापितं आसीत्। सहसा बैटरी विस्फोटितवती। विस्फोटः एतावत् प्रबलः आसीत् यत् कक्षस्य खिडकयः अपि कम्पिताः आसन्। समीपस्थाः जनाः विस्फोटं श्रुत्वा तत्क्षणमेव गृहं प्रति त्वरितम् आगतवन्तः। ज्येष्ठपुत्रस्य आलोक कुशवाहायाः अङ्गुष्ठं चत्वारि अङ्गुली च नष्टानि इति परिवारजनाः ज्ञातवन्तः। अस्मिन् विस्फोटे अनुजकुमारः कनिष्ठः पुत्रः अपि घातितः अभवत्। एषा घटना सम्पूर्णे सेमरियाक्षेत्रे आतङ्कं प्रसारयति स्म। पुरातनेन मोबाईलफोनस्य बैटरीविस्फोटेन एतादृशी महती दुःखदघटना भवितुम् अर्हति इति जनाः स्तब्धाः अभवन्। अध्ययनकाले विस्फोटः अभवत् शुक्रवासरे प्रातःकाले एषा घटना अभवत् इति कथ्यते।

## राशिफल

**मेष** : लव लाइफ में छोटी-छोटी बातों पर गलतफहमी हो सकती है, इसलिए बात संभलकर करें।

**वृषभ** : खर्च भी उसी तेजी से निकल सकता है। लव लाइफ में समय दें, पार्टनर से खुलकर बात करेंगे तो गलतफहमी दूर होगी।

**मिथुन** : जो काम चल रहा है, उसी पर ध्यान दें। कोर्ट-कचहरी या झगड़े से दूर रहें। धैर्य से काम लेंगे तो हालात संभल जाएंगे।

**कर्क** :धैर्य रखें और शांत रहकर बात करें, हालात आपके पक्ष में आ सकते हैं। सेहत के लिहाज से पानी ज्यादा पिएं।

**सिंह** : सेहत को हल्के में न लें, खानपान पर ध्यान दें। पैसों के मामले में संतुलन बनाकर चलना जरूरी है, वरना खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** : शांतिपूर्ण तरीके से बोलना आपके सोचने के तरीके को ताजा करता है और आपको अपने आप में बने रहने में मदद करता है।

**तुला** : सेहत ठीक रहेगी, लेकिन लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और थोड़ा चलना-फिरना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक** : विकास तब शुरू होता है जब आप उन चीजों को लेकर बचाव की मुद्रा छोड़ देते हैं जो अब काम नहीं कर रही हैं।

**धनु** : शाम को किसी करीबी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा। आप जो जवाब ढूंढ रहे हैं, वह बिना पूछे ही मिल जाएगा।

**मकर** : जब आप शांत बैठने का विकल्प चुनेंगे, तो खुद को मजबूत महसूस करेंगे। शांति से आपकी मानसिक संतुलन बना रहेगा।

**कुंभ** : कारोबार में स्थिति सामान्य रहेगी। मां की सेहत पर ध्यान दें। प्रॉपर्टी या वाहन से जुड़ा काम बनेगा, लेकिन रुकावटों के साथ।

**मीन** : जब आप किसी को अपनी जिंदगी की जिम्मेदारी खुद लेने देते हैं, तो इससे दोनों के बीच जुड़ाव बढ़ जाता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध की वक्री चाल से इन चार राशियों की बढ़ेंगी परेशानियां, जानें इससे बचने के उपाय

जब बुध वक्री होते हैं तो निर्णय लेने की क्षमता, पढ़ाई, करियर और संचार से जुड़े मामलों में भ्रम या रुकावटें आ सकती हैं। कुछ राशियों को इस अवधि में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

26 फरवरी 2026 को बुध ग्रह कुंभ राशि में वक्री हो जाएंगे और 21 मार्च 2026 तक वक्री अवस्था में ही रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि, तर्कशक्ति, संवाद और व्यापार का कारक ग्रह माना गया है। जब बुध वक्री होते हैं तो निर्णय लेने की क्षमता, पढ़ाई, करियर और संचार से जुड़े मामलों में भ्रम या रुकावटें आ सकती हैं। कुछ राशियों को इस अवधि में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

**कर्क राशि-** बुध की वक्री चाल कर्क राशि वालों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकती है। कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है, इसलिए हर काम को ध्यान और सावधानी से करें। छोटी-सी गलती भी आलोचना का कारण बन सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से भटक सकता है और एकाग्रता कम हो सकती है। इस दौरान बिना सोच-विचार कोई बड़ा निर्णय न लें। साथ ही सेहत को नजरअंदाज करना ठीक नहीं रहेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के जीवन में अचानक बदलाव संभव हैं। कुछ लोगों का ट्रांसफर अनचाही जगह पर हो सकता है। नौकरी और करियर में परिस्थितियां थोड़ी विपरीत रह सकती हैं, लेकिन धैर्य और मेहनत से हालात सुधरेंगे। जो लोग विदेश में शिक्षा लेने की योजना बना रहे हैं, उन्हें कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के मामले में भी लापरवाही न करें।



**मकर राशि-** मकर राशि वालों के दूसरे भाव में बुध वक्री रहेंगे, जिससे वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा। गलत शब्दों का इस्तेमाल कार्यस्थल और निजी जीवन में परेशानी खड़ी कर सकता है। करीबी लोग भी नाराज हो सकते हैं। शिक्षा से जुड़े मामलों में सतर्क रहें और गलत संगति से दूर रहें। गला और कान से जुड़ी समस्याएं उभर सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए बुध का वक्री होना खर्च और हानि से जुड़े मामलों में सावधानी का संकेत देता है। बिना जांच-पड़ताल किसी भी तरह का निवेश करने से बचें। वाहन चलाते समय सतर्क रहें। संतान की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। कुछ लोगों का प्रमोशन या पदोन्नति टल सकती है, जिससे मन निराश हो सकता है। अपनी सेहत पर भी विशेष ध्यान दें।

### बुध वक्री के दौरान करें ये उपाय

- बुध के अशुभ प्रभाव को कम करने के लिए कुछ सरल उपाय लाभकारी माने जाते हैं-
- भोजन में थोड़ी मात्रा में केसर का सेवन करना शुभ माना जाता है।
- भगवान गणेश की नियमित पूजा और आराधना करें।
- गाय को हरा चारा खिलाएं।
- बुध से जुड़े मंत्रों का जप करने से भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।
- इन उपायों को श्रद्धा और नियमितता के साथ करने से बुध की वक्री अवस्था के नकारात्मक प्रभाव कम हो सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### मजदूर पर पिता-पुत्रों ने किया फावड़े से हमला

**उज्जैन।** मक्सीरोड पांड्याखेड़ी में मजदूर पर पिता-पुत्रों ने मिलकर फावड़े से हमला कर दिया। मजदूर घायल हुआ है। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने घायल मजदूर की शिकायत पर पिता-पुत्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि घायल मजदूर श्याम पिता भैरूलाल प्रजापत 32 साल निवासी झुमरी तलैया पांड्याखेड़ी है। उसके बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह रेहान मंसरी की दूध डेयरी के ऊपर बने मकान पर बेलदारी का काम कर रहा था। रेती की तगारी साइड में डालते समय धूल उड़ गई थी। वहां से सादिक पिता बाबू शाह गुजर रहा था। धूल उड़ने पर उसने गाली-गलौच शुरू कर दी। गाली देने से मना किया तो सादिक के 2 पुत्र इरशाद और इकबाल भी आ गये। तीनों ने मिलकर लात-घूंसे, बेल्ट और फावड़े से हमला किया। मारपीट होती देख राजेश मरमट ने बीच-बचाव किया। थाना प्रभारी के अनुसार घायल मजदूर की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज कर तीनों पिता-पुत्रों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में भी कार्रवाई की गई है।

### इंदौर-जोधपुर ट्रेन से गिरा युवक, हालत गंभीर

**उज्जैन।** महिदपुररोड स्टेशन के पास रविवार-सोमवार रात इंदौर-जोधपुर ट्रेन के जनरल कोच में सवार युवक गिर गया। उसे गंभीर हालत में उज्जैन लाया गया। चरक अस्पताल में युवक का उपचार चल रहा है। घायल युवक गोलू पिता भागीरथ मंदसौर के गरोठ का रहने वाला है। गोलू के घायल होने की जानकारी मिलने पर परिजन उज्जैन पहुंचे थे। जानकारी सामने आई कि घायल गरोठ से शादी में शामिल होने इंदौर जाने का बोलकर निकला था। ट्रेन के गेट पर खड़े होकर यात्रा कर रहा था, उसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर गिरा है।

### ट्रक के नीचे दबने से राजस्थान के क्लीनर की मौत

**उज्जैन।** नागदा के कचनारिया फंटा स्थित एमपीईबी गोदाम पर राजस्थान से ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीई 9847 केबल के बंडल लेकर पहुंचा था। ट्रक को खाली करना था, इस दौरान क्लीनर मोहम्मद शब्बीर पिता गनी मोहम्मद मंसूरी 35 साल नीचे उतर गया। तभी चालक ने ट्रक को तेजगति से रिवर्स लिया, पीछे खड़ा क्लीनर मोहम्मद शब्बीर टक्कर लगने पर गिर पड़ा, जिसके ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया। दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक क्लीनर का शव अस्पताल भेजा गया, वहीं चालक को हिरासत में लेकर ट्रक जप्त किया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक क्लीनर राजस्थान के देशवाली मोहल्ला शाहपुरा का रहने वाला था और चालक का ही रिश्तेदार था। नागदा पुलिस के अनुसार मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अर्टिका और इको गाडी में टक्कर

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम टुकराल और रूपाखेड़ी मोड पर अर्टिका और इको गाडी में टक्कर हो गई। घटनाक्रम के बाद अर्टिका का चालक मौके से भाग निकला। इको गाडी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चालक अशोक पिता कनीराम सोलंकी निवासी ग्राम जगोटी ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने दुर्घटनास्थल की जांच के बाद के बाद अर्टिका चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 577-9 | 700-7 |
| मेन बाजार | 445-3 | 147-2 |
| मिलन डे | 114-6 | 677-0 |
| मिलन नाइट | 155-1 | 469-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 |

## तैयारियों को लेकर 7 घंटे चला उच्च स्तरीय सेमिनार

# पुलिस 4-एस मॉडल के साथ बढ़ रही सिंहस्थ-2028 की ओर





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आगामी सिंहस्थ 2028 बाबा महाकाल की नगरी में होगा। आयोजन को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिये सोमवार को पुलिस विभाग का उच्च स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। 7 घंटे चले सेमिनार में 4-एस मॉडल अनुभव, संवेदनशीलता, समन्वय और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। सेमीनार में वरिष्ठ आईपीएस और एडीजी स्तर के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था।

इंदौररोड स्थित निजी होटल आयोजित सेमिनार का उद्घाटन डीजी ईओडब्ल्यू एवं सिंहस्थ 2004 के तत्कालीन एसपी उपेन्द्र जैन द्वारा किया गया। उन्होने सिंहस्थ 2004 के संघर्ष, चुनौतियों के संबंध में व्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए इस बार अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की आवश्यकता पर बल दिया। सेमिनार प्रयागराज कुंभ के अनुभवों पर आधारित प्रशिक्षण, अवधारणा पर आयोजित किया गया था। जिसमें वरिष्ठ आईपीएस और एडीजी स्तर के अधिकारियों को फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। सेमिनार का संचालन करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक, विशेष शाखा, तरुण नायक द्वारा प्रशिक्षण विश्लेषण के संदर्भ में 4-एस मॉडल की उपयोगिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के लिये यह प्रशिक्षण योजना 4-एस मॉडल के आधार पर विश्लेषित और निर्मित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूचनाओं और अनुभवों का साझा करना, संवेदनशील होकर प्रशिक्षण योजना का निर्माण करना, समन्वित प्रयासों एवं आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा ठोस व्यूह-रचना एवं योजनाबद्ध कार्य-निर्माण को प्रशिक्षण की मूल आधारशिला बनाया गया है। इसी संरचना के अनुरूप पुलिस बल को भावी चुनौतियों के लिए सक्षम एवं तैयार किया जाएगा। सेमिनार में स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय संसाधन, व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। जिससे जमीनी स्तर के अनुभवों का प्रभावी आदान-प्रदान हो सके। आगामी समय में नवीन बैच के आईपीएस अधिकारियों तथा एएसपी/एसडीओपी स्तर के अधिकारियों को लक्षित करते हुए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**प्रदेश के 52 वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल-** सेमिनार में मध्यप्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उपपुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) और कई जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित 52 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह द्वारा सिंहस्थ में बल के प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। वहीं उज्जैन जोन के आईजी राकेश गुप्ता ने सिंहस्थ 2016 के अनुभवों को झासा किया। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ 2028 के पूवार्नुमान और तैयारियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सेमिनार के दौरान पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए जिनमें 2004 और 2016 में आयोतिज सिंहस्थ की चुनौतियों एवं व्यवस्था पर चर्चा की गई। आईजी राकेश गुप्ता के संचालन में होने वाली इस चर्चा में सेवानिवृत्त आईजी मनोहर वर्मा, सिवनी एसपी सुनील मेहता और इंदौर के एडिशनल सीपी राजेश सिंह ने अपने सुझाव रखें।

**पुलिस बल के संवेदीकरण पर प्रस्तुतिकरण-** आयोजन में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई की डीन प्रो. मधुश्री शेखर द्वारा सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता एवं पुलिस बल के संवेदीकरण पर भी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बल एवं सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आईजी अंशुमान सिंह के संचालन में एक पैनल चर्चा हुई, जिसमें परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के कई विशेषज्ञ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**प्रशिक्षण सामग्री के संबंध में जानकारी-** पीएसओ डॉ विनित कपूर, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी एवं पीटीएस उज्जैन की पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा पाठक सोनी द्वारा प्रशिक्षण सामग्री के संबंध में जानकारी दी गई। समापन पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईं मनोहर ने कहा कि सिंहस्थ-2028 एक अत्यंत विशाल और चुनौतीपूर्ण धार्मिक आयोजन होगा, जिसकी सफलता सुनियोजित, समयबद्ध एवं तकनीक-सम्मत तैयारियों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे महाआयोजन के लिए पुलिस बल को अभी से चरणबद्ध तैयारी प्रारंभ करनी होगी। यह आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस विभाग का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 2 बदमाश की तलाश में दबिश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शराब के रुपए नहीं देने पर 2 बदमाशों ने युवक और उसके मामा पर चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने दोनों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सोमवार को उनकी तलाश में दबिश दी। दोनों शाम तक गिरफ्त में नही आ सके थे।

बड़नगर थाना क्षेत्र के खौप दरवाजा स्थित बस स्टेंड पर अंडे की दुकान पर खड़े दशरथ पिता मांगू गामड 32 साल निवासी ग्राम दतोरिया बदनावर और राहुल पिता रामा भील 22 साल ग्राम भैसोला चौपाटी बदनावर पर चाकू से बड़नगर के रहने वाले बद्री मोरवाल और राकेश ने हमला कर दिया था। दशरथ और राहुल दोनों घायल हो गये थे। पुलिस ने घायलों के रिश्तेदार नारायण मकवाना की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की। सोमवार को गिरफ्तारी के लिये उनके कई ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये। इधर घायल राहुल ने बताया कि वह मामा के साथ अपने ससुराल बड़नगर आया था। जहां अंडे की दुकान पर खड़े रहने के दौरान दोनों आरोपियों ने उससे शराब पीने के रुपए मांगे थे। मना करने पर चाकू से हमला कर दिया था। बीच-बचाव में मामा आये तो उनको भी चाकू मार दिये। पुलिस के अनुसार दोनों घायलों को उपचार के लिये बड़नगर से उज्जैन भेजा गया है।

## इंदौर के 2 बदमाशों ने तोड़ा था सूने मकान का ताला

### आज पुलिस कर सकती है खुलासा, आभूषण बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जनवरी माह में हुई सूने मकान में चोरी को इंदौर के 2 बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। कुछ आभूषण बरामद किये गये है, शेष की बरामदगी का प्रयास जारी है। संभवतः आज शाम तक मामले का खुलासा किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महावीर बाग में जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



पुलिस ने मामला में बदमाशों की तलाश शुरू की थी और कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। जिसके आधार पर इंदौर के छोटा बंगडदा 2 बदमाशों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ कर चोरी का मामल बरामद करने का प्रयास जारी है। फिलहाल कुछ आभूषण दोनों की निशानदेही पर मिले है। शेष आभूषण और सामग्री बरामद होने पर मामले का खुलासा किया जायेगा। दोनों से इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इंदौर से आकर उन्होने या उनके गिरोह में शामिल बदमाशों ने अन्य किसी वारदात को तो अंजाम नहीं दिया है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले ही महानंदानगर और बंसत बिहार के 2 सूने मकानों में चोरी की वारदात हुई थी। जिसमें 2 बदमाशों के साथ एक युवती कैमरे में दिखाई दी थी, जो इंदौर की ओर ही भागना सामने आये है। फिलहाल उक्त दोनों वारदातों का सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है।

## गिरवी रखी बाइक को लेकर 2 पक्षों में हुआ जमकर विवाद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

गिरवी रखी बाइक को लेकर रविवार-सोमवार रात 2 पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनोंओर से लट्ठ चले और 4 लोग घायल हो गये। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात 11 बजे दारूलुम मस्जिद के पास मोचीपुरा में सलमान पिता सरदार खां निवासी अडान मोहल्ला और लतीफ पिता मोहम्मद शरीफ निवासी टोरंटो कालोनी के बीच विवाद हो गया था। मामले में सलमान की ओर से लतीफ और उसके 2 साथियों के



खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं लतीफ की शिकायत पर कमाल खान, हुसैन खान और नोना खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। सलमान का कहना था कि वह आटो गैरेज संचालित करता है। रूपयों की जरूरत होने पर लतीफ से 50 हजार रुपए लिये थे और बदले में जमानत के तौर पर बाइक लतीफ को दी थी। उससे उधार लिये रुपए लौटा चुका हूं। लतीफ से बाइक मांगी तो उसने कहा कि पैसे पूरे नहीं हुए है। अभी आकर बाइक की चाबी और आरसी कार्ड ले जा। वह दारूमुल मस्जिद के पास पहुंचा तो लतीफ और उसके साथियों ने मारपीट की। वहीं लतीफ का कहना था कि उसने कलाम खान को 60 हजार रुपए दिये थे। बदले में बाइक गिरवी रखी थी। कलाम ने 30 हजार रुपए लौटा दिये है, 30 हजार शेष है। कलाम प्रतिदिन बाइक की चाबी और गिरवी रखने के दौरान किया गया एग्रीमेंट लौटाने का बोल रहा था। मैने कहा कि शेष रुपए लौटा दो और चाबी के साथ एग्रीमेंट ले जाओं। इसी बात पर रात में कलाम अपने साथियों के साथ आया तो मारपीट करने लगा। बीच बचाव में मामी जीनत, मामू वसीम और नाना मेहमूद आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com